दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 10 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 22 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# ट्रंप के दावे पर भारत का दो टूक जवाब



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच बहुचर्चित कारोबारी समझौता फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है। इसकी जिम्मेदारी भारत के मत्थे मढ़ने की ट्रंप प्रशासन की कोशिशों पर भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है।

भारत ने अमेरिका के वाणिज्य सचिव होवार्ड लुटनिक के इस बयान को गलत करार दिया है जिसमें यह बताने की कोशिश थी कि निर्धारित समय के भीतर पीएम नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया इसलिए कारोबारी समझौता नहीं हो सका।

## अमेरिका की तरफ से लगातार आ रहे ऐसे बयान


राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगियों की तरफ से लगातार भारत को असहज करने वाले बयानों पर भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कूटनीतिक मयार्दाओं का पालन करते हुए ही जवाब दिया है लेकिन दैनिक जागरण ने इस बारे में कई स्त्रोतों से जानकारी हासिल करने की कोशिश की तो यह बात भी सामने आई है कि अमेरिका के साथ कारोबारी समझौता करने को लेकर अब भारत सरकार में भी उत्साह नहीं है।

राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से की जाने वाली टिप्पणियों को भारत अपने ऊपर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देख रहा है।लुटनिक ने'आल-इन पॉडकास्ट' में दिए गए एक साक्षात्कार में शुक्रवार को भारत और अमेरिका के बीच अभी तक ट्रेड डील नहीं होने की वजह पूछा गया तो कहा है कि, ह्लसब कुछ तैयार था, लेकिन मोदी को राष्ट्रपति (ट्रंप) को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज थे, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। उसके बाद हमने कई अन्य डील्स कीं। बाद में भारत ने कहा कि हम तैयार हैं, तो मैंने कहा - किसके लिए? ट्रेन तो तीन हफ्ते पहले छूट चुकी थी।" लुटनिक ने यह संदेश भी देने की कोशिश की है कि ट्रेड डील को लेकर सब कुछ उनके नेतृत्व में चल रहा था और उन्होंने तीन हफ्तों का समय विमर्श को पूरा करने के लिए दिया था।

# फार्म-6 को लेकर मतदाताओं में है उत्साह

## राजनीतिक दलों को भी है इससे बड़ी उम्मीदें



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर ये कहा जा रहा है कि मतदाओं की एक बड़ी छंटनी इस अभियान से हो गई है। डाटा के लिहाज से इसे पोलिटिक्ल घाटा माना जा रहा है और अब सियासी दलों को बड़ी उम्मीदें फार्म-6 अभियान से हैं।


फार्म-6 को लेकर मतदाताओं में उत्साह है। जो पहली बार मतदाता बनेंगे वो इसे लेकर उत्साहित हैं और यहां पर उम्मीदें उन मतदाताओं की भी हैं जो किसी भी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। एक अनुमान के अनुसार फार्म-6 अभियान में सबसे बड़ा बैकअप साहिबाबाद को मिलेगा। एसआईआर अभियान में बड़ी संख्या में यहां वोटर लिस्ट से नाम कटे हैं। अब ये माना जा रहा है कि साहिबाबाद में राजनीतिक रूप से इस अभियान को लेकर जागृति है और यहां पर विशेष रूप से भाजपा एक बैकअप के साथ आयेगी। फार्म-6 अभियान में एक बड़ा रोल क्षेत्र के पार्षदों का रहेगा। उसका कारण ये है कि पार्षदों को गली मोहल्ले के कई वोट कई मकान नंबर और कई मतदाताओं के चेहरे जुबानी याद हैं। ऐसे में वो एक निगाह मतदाता सूची पर दौड़ाते ही बता देंगे कि कौन सा वोटर यहां आवासीय पतें पर तो है लेकिन मतदाता सूची में नहीं है। वहीं जो मतदाता यहां रहते हैं और वो किसी भी वजह से एएसडी फैक्टर में आ गये वो भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

उनके सामने बड़ा मौका है जब वो फिर से वोटर लिस्ट में आ जायेंगे। इस अभियान से जुड़े लोग बता रहे हैं कि सबसे बड़ा फर्क शिफ्टिंग वाले वोटर पर पड़ेगा और एक बड़ा वर्ग यहां मतदाता सूची में वो नजर आयेगा जो अब तक डबल माईंडिड था। वो अपने गांव का वोट खोना नहीं चाहते और यहां की मतदाता सूची में भी रहना चाहते हैं। अब उन्हें एक मौका मिलेगा जब वो सही से सोच समझकर अपनी मतदाता सूची का चयन कर लें। क्योंकि ऐसा भी हुआ है कि एसआईआर अभियान केवल यहां नहीं चला है। ये अभियान वहां भी चला है और बताया जाता है कि जो लोग यहां रह रहे हैं उन लोगों के नाम भी इसी नीति के तहत वहां की मतदाता सूची से कट गये हैं।

फिलहाल फार्म-6 एक नई उम्मीदें लेकर आया है और फार्म-6 के अभियान के बाद ही पता चलेगा कि यहां इस अभियान से कितना बैकअप भाजपा से लेकर अन्य राजनीतिक दलों को मिला है।

# 12 करोड़ की लागत से सुधरेगा ज्ञानी बॉर्डर से मोहन नगर का रास्ता

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद क्षेत्र की जनता के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप, जर्जर हो चुके ज्ञानी बॉर्डर से मोहन नगर मार्ग के पुनर्निर्माण को शासन ने आधिकारिक स्वीकृति दे दी है। इस परियोजना के लिए 11 करोड़ 91 लाख 30 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया है।



## मेट्रो स्टेशनों के नीचे बनेगी सीसी रोड

करंट क्राइम। इस निर्माण कार्य की खास बात यह है कि श्याम पार्क, राजेंद्र नगर (राज बाग) और शहीद नगर मेट्रो स्टेशनों के नीचे के हिस्से में सीसी रोड (कंक्रीट सड़क) का निर्माण किया जाएगा। अक्सर जलभराव और भारी दबाव के कारण डामर की सड़कें इन इलाकों में जल्द खराब हो जाती थीं, जिसका समाधान अब सीसी रोड के माध्यम से निकाला गया है।

ज्ञानी बॉर्डर से मोहन नगर का यह मार्ग गाजियाबाद की प्रमुख जीवनरेखा (लाइफलाइन) माना जाता है। पिछले लंबे समय से सड़क की हालत अत्यंत जर्जर थी, जिससे न केवल धूल और गड्ढों की समस्या थी, बल्कि पीक आवर्स में लंबा जाम भी लगता था। इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण से हजारों दैनिक यात्रियों को सुरक्षित सफर मिलेगा, क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा, दिल्ली-गाजियाबाद कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

## साहिबाबाद की जनता की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि साहिबाबाद की जनता की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ज्ञानी बॉर्डर से मोहन नगर मार्ग की स्थिति काफी समय से खराब थी, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हो रही थी। मैंने इस मुद्दे को शासन के समक्ष मजबूती से रखा था और अब लगभग 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा ताकि लोगों को इस समस्या से स्थायी निजात मिल सके।

## मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर सड़क बनने का रास्ता साफ



करंट क्राइम। पार्षद सचिन डागर में मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक सड़क निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इस जनहितकारी कार्य के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आभार व्यक्त किया है। पार्षद सचिन डागर ने कहा मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर वाली सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। सड़क के बुरी तरह टूटे होने के कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और उड़ती धूल से प्रदूषण की समस्या विकराल रूप ले चुकी थी। क्षेत्रवासी लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे थे और उनके लिए यहाँ से गुजरना दूभर हो गया था। क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव के पास होने से न केवल क्षेत्रीय निवासियों को बल्कि इस मार्ग का उपयोग करने वाले हजारों लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और प्रदूषण की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## बेहतर सड़के क्षेत्र के विकास और जनता की सुरक्षा के लिए जरूरी:मदन राय



करंट क्राइम। पार्षद मदन राय ने कहा कि मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आभार व्यक्त करता हु। स्थानीय समस्याओं को समझकर उन्हें शासन स्तर पर सुलझाना और बजट पास कराना एक सक्रिय नेतृत्व की पहचान है। इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के निवासियों को कई लाभ होंगे। ज्ञानी बॉर्डर और मोहन नगर के बीच होने वाली ट्रैफिक की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। बेहतर सड़क मार्ग से यात्रियों के समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। अच्छी कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापारियों और उद्योगों को गति मिलती है। गड्ढों से मुक्त सड़क होने पर दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो जाती है।

## पार्षद कविता भाटी ने मंत्री सुनील शर्मा का जताया आभार



पार्षद कविता भाटी ने 12 करोड़ की लागत से बने वाली सड़क निर्माण के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आभार जताया। मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का मार्ग जीओ होने पर स्थानीय पार्षद कविता भाटी ने खुशी जाहिर की है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए उन्होंने प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया। कविता भाटी ने कहा, मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक की यह सड़क बरसों से बदहाल स्थिति में थी। जर्जर सड़क के कारण क्षेत्रीय जनता को आए दिन भारी जाम और उड़ती धूल का सामना करना पड़ता था, जिससे लोगों का स्वास्थ्य और समय दोनों प्रभावित हो रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह क्षेत्र के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का पार्षद खुशीर्दा कल्लन बेगम ने जताया आभार



**करंट क्राइम।** पार्षद खुशीर्दा कल्लन बेगम ने मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक होने वाले सड़क निर्माण कार्य के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का आभार व्यक्त किया है। जनता की सुविधा और सुगम यातायात के लिए यह सड़क मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की प्रमुख मांग थी जो पूरा करते हुए मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति और शुरूआत के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से हजारों लोगों को आवाजाही में आसानी होगी और क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी। वर्ल्ड के लोगों की सबसे बड़ी समस्या थी नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे जो सड़क टूटी हुई है शनि मंदिर के पास जहां आए दुर्घटना होती रहते थे और पॉल्यूशन कितना था कि लोग परेशानी के सामने कर रहे थे अब सड़क निर्माण कार्य होने से पॉल्यूशन से मुक्ति मिलेगी।

# पूर्व सांसद की प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात का क्या है राज

## क्या पर्दे के पीछे बिछ गई है जिला पंचायत चुनाव की बिसात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कोई भी कदम बिना मतलब नहीं उठाया जाता। राजनीति में हर कदम किसी उद्देश्य के साथउठता है। राजनीति में मुलाकात का भी एक अर्थ होता है। बीते दिनों दिल्ली में एक मुलाकात हुई जिसमें यूपी के स्टेट हैड से पूर्व सांसद ने मुलाकात की। यहां तक तो बात ठीक है लेकिन राजनीतिक हलचल तब तेज हुई जब इस मुलाकात के फोटो बाहर आ गये। इस मुलाकात में वो चेहरे थे जो कहीं ना कहीं देहात की राजनीति से जुड़े हैं।

इस मुलाकात में वो चेहरे थे जो कुछ समय से खुद को साईड लाईन पर फील कर रहे हैं। इस मुलाकात में अगर चेहरों पर गौर किया जाये तो वो चेहरे हैं जो कहीं ना कहीं देहात की राजनीति से जुड़े हैं। पूर्व सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की मुलाकात के मायने तलाशे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि जिन चेहरों के साथ पूर्व सांसद ने मुलाकात की है इस मुलाकात से ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिला पंचायत चुनाव की कोई बिसात तो नहीं बिछ रही है। राजनीति में अनुमान लगाये जाते हैं और अनुमान के आधार पर ही सारी फिल्डिग लगाई जाती है। पूर्व सांसद के नेतृत्व में मिलने गये हैं और फिर



जिला पंचायत चुनाव पास है। ऐसे में ये कनैक्शन जुड़ रहा है और पंचायत वाले इलैक्शन से जुड रहा है। पंचायत चुनाव से कनैक्ट करें तो यहां सबसे पहला नाम बृजपाल तेवतिया का आता है। बृजपाल तेवतिया किसान नेता हैं और उनके भाई विकास तेवतिया मुरादनगर पालिका के चेयरमैन रहे हैं।

देहात की राजनीति के बारे में बृजपाल तेवतिया पूरा भूगोल और गणित तथा सामाजिक संरचना जानते हैं। मुलाकात के दूसरे चेहरे पर गैर करें तो ये चेहरा धौलाना विधायक धर्मेश तोमर का है। इस में कोई दोराय नहीं है कि धर्मेश तोमर का सियासी वजूद धौलाना की देहात राजनीति में बहुत मजबूत है। देहात का मामला है, जिला पंचायत चुनाव नजदीक हैं लिहाजा धर्मेश तोमर का पूर्व सांसद के साथ जाना और प्रदेश अध्यक्ष से हाथ मिलाना। इस संभावना को पुष्ट कर रहा है।

देहात की राजनीति की बात करें और जिला पंचायत चुनाव के संदर्भ में बात करें तो यहां तीसरा चेहरा गोपाल अग्रवाल का है। गोपाल अग्रवाल महानगर संगठन में महामंत्री हैं और उनकी पत्नी मुरादनगर नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ी थी। जाहिर सी बात है कि जिला पंचायत चुनाव को लेकर एक कसक गोपाल अग्रवाल के मन में है और कौन जानता है कि जिला पंचायत चुनाव में एक बार फिर गोपाल अग्रवाल की एन्ट्री हो। देहात की राजनीति का पूरा कनैक्शन गोपाल अग्रवाल का नाम आते ही उनकी पत्नी के इलैक्शन से जुड़ रहा है।

देहात राजनीति की बात करते हैं तो लोनी की देहात राजनीति भी यहां जुड़ती है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर भी इस मुलाकात में साथ गये थे। देहात की राजनीति में लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर की रूचि रहती है। लोनी से ही जिला पंचायत अध्यक्ष का चेहरा दूसरी बार है। पहली बार लोनी से ही पवन मावी की पत्नी लक्ष्मी मावी जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं और दूसरी बार बसंत त्यागी की पत्नी ममता त्यागी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। देहात की राजनीति का सियासी बबूल क्या है ये सब जानते हैं और ऐसे में लोनी विधायक की मुलाकात को इस मामले से बिल्कुल जोड़कर देखा जा सकता है। यहां पवन सहलोत ने मुलाकात की है। वो देहात की राजनीति के चेहरे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस मुलाकात के पीछे पंचायत चुनाव की ही बिसात है। अनिल अग्रवाल एक ऐसे नेता हैं जो बड़े दिल से राजनीति करते हैं और मुलाकात की ये पूरी फिल्डिंग ही पंचायत चुनाव को लेकर लगाई गई है। जिला पंचायत की सीट पर भाजपा विजय पताका फहराना चाहती है। यहां गेम भी वोट का है और जिसके पास जितने जिला पंचायत सदस्य होंगे वो उतना ही मजबूत अध्यक्ष वाले गेम में हो जायेगा। भाजपाई बताते हैं कि पूर्व सांसद के साथ जो चेहरे मुलाकात वाले सीन में हैं। उन चेहरों की राजनीति एक लंबे समय से उदासीन है। ये चेहरे जिला पंचायत चुनाव के चेहरे हो सकते हैं। ऐसे में मजबूत कनैक्शन जिला पंचायत वाले इलैक्शन से जुड़ रहा है। सियासी जानकार तो ये दावा भी कर रहे हैं कि ये मुलाकात हवा में नहीं हुई है और इस मुलाकात के इफैक्ट सामने आयेंगे।

## क्या लोकसभा वाले भी लेंगे पंचायत वाले सीन में इंटरेस्ट

**करंट क्राइम।** दावे 2027 के चुनावी रण को लेकर हो रहे हैं। तैयारी की बात भी उसी को लेकर होती है। लेकिन एक तैयारी गांव की भूमि पर चल रही है और ये तैयारी एमएलसी चुनाव की है। ये तैयारी जिला पंचायत चुनाव की है। पार्टी के नेता बैठकों में कह चुके हैं कि नगर पालिका चुनावों में सबको जुटना है। हाल ही में एक मुलाकात हुई और मुलाकात में जो चेहरे शामिल थे वो देहात वाली राजनीति से कनैक्ट हो रहे हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल ये उठ गया है कि क्या लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी जिला पंचायत चुनाव में कोई रूचि लेंगे। क्या उनके पास भी अपने ऐसे चेहरे हैं जिनकी वो मुलाकात करायेगें। क्या वो जिला पंचायत वाले गेम में अपने चेहरों को सैट करेंगे। कहने वाले कह भी रहे हैं किअभी तो कहानी में कई मोड आयेंगे। अभी तो कहानी में कई दांव बाकी हैं।

# पुलिस लाइन से लेकर कवि नगर और घंटाघर कोतवाली का बदल रहा है रूप

## डीसीपी सिटी और एसीपी कोतवाली का भी कैंपस सुधरना शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार थानों का सौंदर्यीकरण पुलिस ऑफिस से लेकर पुलिस लाइन और डीसीपी स्तर से लेकर एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय सुधरो जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले थाना कवि नगर जो कि मुख्यालय का थाना कहा जाता है, इसका सौंदर्यीकरण और सुधारीकरण का काम चल रहा है। इसके साथ ही घंटाघर कोतवाली थाने को भी शहर की सबसे पुरानी कोतवाली होने के बाद रिनोवेट कराया जा रहा है। कहा जा रहा है दोनों थाने जनवरी के अंतिम तक बनकर तैयार हो सकते हैं या फरवरी का भी समय लग सकता है।

> पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों, कार्यालयों और परिसरों को बेहतर लुक में बनाने का अभियान प्रमुखता के साथ चलाया जा रहा है। जल्द ही क्राइम ब्रांच परिसर भी बदला हुआ नजर आएगा।
>
> – जे रविंदर गौड , पुलिस कमिश्नर



## कवि नगर में बनाया जा रहा है बड़ा मालखाना




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कवि नगर सबसे प्रमुख और बड़े थानों में माना जाता है, यह मुख्यालय का थाना होने की वजह से बेहद महत्वपूर्ण भी रहता है, इसीलिए यहां के मालखाने को बेहद बड़ा बनाया जा रहा है। पहले यह एक छोटे से कमरे में चलता था लेकिन अब इसे विस्तृत रूप से बनाया जा रहा है ताकि करीब तीन दशक से अधिक पुराने मामलों के माल और साक्ष्यों महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही यहां आगंतु कक्ष, थाना प्रभारी कार्यालय, मुंशी ऑफिस और अन्य कार्यालयों में भी सुधार का काम तेज गति से कराया जा रहा है।

## डीसीपी सिटी और एसीपी कोतवाली का ऑफिस भी हो रहा है हाईटेक



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां थानों से लेकर कार्यालयों को हाईटेक किया जा रहा है। तो इसी कड़ी में डीसीपी सिटी जोन का घंटाघर पर बने कार्यालय को रिनोवेट किया जा रहा है। तो वहीं एसीपी कार्यालय बिल्डिंग और ऑफिस को भी पहले से ज्यादा सुंदर और हाईटेक बनाया गया है।




## लाइन का गेट हुआ हाईटेक, दूर से नजर आएगी लाइटिंग

**करंट क्राइम :** पुलिस लाइन के गेट नंबर एक और दो का भी सुधार कार्य किया गया है। इसको बेहद आधुनिक ढंग से विकसित किया गया है। जो अब लखनऊ पुलिस लाइन की तरह दूर से ही नजर आएगा। गेट पर एलइडी लाइटिंग लगाई गई है, तो न्यू स्टाइल में गेट को बेहतर बनाया गया है। तो वहीं 26 जनवरी को होने वाले आयोजन के मद्देनजर दोनों ही गेट का सौंदर्यीकरण कराया गया था ताकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन का गेट दूर से ही सुंदर और लाइट से जगमग होता हुआ नजर आएगा।



# योगी बोले: यूपी अब निवेश को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते आठ वर्षों में यूपी सिर्फ असीमित क्षमताओं वाला प्रदेश ही नहीं रहा बल्कि क्षमताओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन चुका है। उत्तर प्रदेश आज निवेशकों की पसंद में पहले स्थान पर है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री ने लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने फैक्ट्री का उद्घाटन करने के बाद ई-बस में सफर भी किया। फैक्ट्री का निर्माण सरोजनी नगर इलाके में करीब 70 एकड़ में किया गया है। यहां पर ई-बस, ई-ट्रेवलर और ई-लोडिंग वाहन बनाए जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इसके लिए मैं हिंदुजा परिवार को बधाई देता हूं। यह निवेश बताता है कि यूपी में बीते आठ वर्षों में क्या परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश के हर जिले में निवेश हो रहा है। जो कि बताता है कि अब यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल का ही प्रदेश नहीं बल्कि पोटेंशियल को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन चुका है। आज यूपी न सिर्फ देश के बल्कि दुनिया के निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। यही कारण है कि यूपी में निवेश के लिए 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश में बीते आठ वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में जो काम हुआ है यही कारण है कि आज देश के 55 फीसदी एक्सप्रेस वे यूपी में हैं। प्रदेश में रैपिड रेल बनाई जा रही है। आज प्रदेश में 18 हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं।

इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि यह सिर्फ प्रदेश के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए आत्मनिर्भर भारत और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम है। यह भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मैं लखनऊ से सांसद हूं पर अगर मैं लखनऊ का न भी होता तो भी यह शहर मुझे उतना ही प्रिय होता जितना कि आज है। पहले जिस यूपी को खराब कानून व्यवस्था और दंगों से जोड़कर देखा जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी जगह बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश में निवेश होने से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा।

### भारत अब अपने हथियार खुद बनाता है

रक्षामंत्री ने कहा कि अब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। अब भारत एक कमजोर देश नहीं बल्कि अपने हथियार खुद बनाता है और इस कार्य में यूपी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहा है।

इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। प्रदेश में जिस तरह से कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार हुआ है वो अपने आप में एक मिसाल है।

## वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने 75 प्रतिशत संपत्ति दान देने की घोषणा की



**नई दिल्ली। करंट क्राइम।** वेदांता समूह के संस्थापक अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का अमेरिका में अचानक निधन हो गया। बेटे के निधन पर अनिल अग्रवाल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बेटे के निधन के बाद वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने बेटे के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने वादा किया है कि वे अपनी 75 फीसदी संपत्ति दान करेंगे।

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश की उम्र 49 वर्ष थी। वह अमेरिका में स्कीइंग खेल रहे थे तभी चोटिल हो गए। इलाज के दौरान कार्डियक अरेस्ट आने से उनकी मौत हो गई। बेटे की अचानक मौत के बाद अरबपति ने फिर से अपनी 75 फीसदी संपत्ति दान करने के वादे को दोहराया है।

# योगी के नेतृत्व में यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद: राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी अब निवेश के पसंदीदा गंतव्यों में शामिल हो चुका है। पहले यह प्रदेश दंगों के लिए जाना जाता था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का कायाकल्प देश के दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल है। पहले जो प्रदेश दंगों और खराब कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं रहा है बल्कि देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी जी जिस तरह से यूपी को चला रहे हैं। उससे सहज ही प्रदेश की रेटिंग एक्सीलेंट कही जा सकती है। अशोक लीलैंड कंपनी की इस ईवी फैक्टरी का उद्घाटन प्रदेश के




### देश को मजबूत बनाने मे अपनी भूमिका निभा रहा यूपी

रक्षामंत्री ने कहा कि अब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। अब भारत एक कमजोर देश नहीं बल्कि अपने हथियार खुद बनाता है और इस कार्य में यूपी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। प्रदेश में जिस तरह से कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार हुआ है वो अपने आप में एक मिसाल है।

औद्योगीकरण की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मैं लखनऊ से सांसद हूं पर अगर मैं लखनऊ का न भी होता तो भी यह शहर मुझे उतना ही प्रिय होता जितना कि आज है। पहले जिस यूपी को खराब कानून व्यवस्था और दंगों से जोड़कर देखा जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी जगह बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश में निवेश होने से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा।

# तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में पांच आरोपियों को राहत नहीं, अब 13 जनवरी को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में पुलिस ने अब तक 12 लोगों की गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट ने एक दिन पहले ही पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में तीस हजारी कोर्ट में शुक्रवार को पांच आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने फिलहाल सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तारीख तय की है। यह मामला तब सामने आया था जब अतिक्रमण हटाने गई पुलिस पर भीड़ ने पत्थर फेंके थे, जिसमें पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

### मामले में अब तक की गिरफ्तारियां

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और 50 से अधिक की पहचान कर ली है। हाल ही में, मोहम्मद इमरान (36) नाम के एक और



आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने अफान, आदिल, शाहनवाज, हमजा, अतहर और उबैद सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

### भारी सुरक्षाबलों के बीच जुम्मे की नमाज पढ़ी

वहीं दूसरी तरफ आज शुक्रवार को अतिक्रमण वाले इलाके में जुम्मे की नमाज हुई। तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद पर जुम्मे की नमाज भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच पढ़ी गई। बताया जा रहा है कि 30 से 35 लोगों ने फैज ए इलाही मस्जिद में की नमाज अदा की।

### अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान हुआ था बवाल

मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित दरगाह फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास मंगलवार को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान शरारती तत्वों ने हिंसा कर दी थी। करीब 150 से 200 उपद्रवियों ने देर रात पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें क्षेत्र के थाना प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# आई-पैक पर ईडी रेड के विरोध में टीएमसी सांसदों का दिल्ली में प्रदर्शन

## हिरासत में लिए गए

**नई दिल्ली।** पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक पर ईडी की छापेमारी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक पर ईडी की छापेमारी के बाद बड़ा सियासी बवाल शुरू हो गया है. ममता बनर्जी ने ईडी रेड को 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार देते हुए आरोप लगाया है कि ईडी पार्टी का आंतरिक डेटा और चुनावी




रणनीति चुराने की कोशिश कर रही है. मामला कोर्ट में पहुंचा है. ममता बनर्जी ने ईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है. वहीं, ईडी ने भी हाई कोर्ट में याचिका दायर करते हुए बंगाल पुलिस पर आरोप लगाए हैं।

आज दिल्ली में टीएमसी नेताओं ने प्रोटेस्ट किया. तृणमूल कांग्रेस के आठ सांसदों ने शुक्रवार को नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

प्रदर्शनकारी सांसद 'कर्तव्य भवन' में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों और निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए उन्हें गेट पर ही रोक दिया. टीएमसी नेताओं ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण धरना दे रहे सांसदों को पुलिस ने जबरन घसीटकर वहां से हटाया और पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन ले गई।

टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद, साकेत गोखले, शताब्दी रॉय, बापी हलदार, प्रतिमा मंडल और शर्मिला सरकार हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे थे. जब उन्हें मंत्रालय के भीतर जाने से रोका गया, तो वे गेट पर ही धरने पर बैठ गए. पार्टी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और पूछा कि क्या लोकतंत्र को कुचलने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों पर हमला किया जा रहा है।

कानून की खुलेआम अनदेखी का आरोप लगाते हुए, एजेंसी ने दावा किया कि राज्य पुलिस अधिकारियों ने उसकी जांच के दौरान जबरन डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज हटा दिए, इस कार्रवाई को अवैध और चोरी के बराबर बताया।

एजेंसी ने तर्क दिया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (ढटछअ) की धारा 17 के तहत की गई तलाशी में कोई भी दखल अपने आप में अवैध और असंवैधानिक है. एऊ ने आगे आरोप लगाया कि ईडी अधिकारियों को कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस ने गलत तरीके से रोका और कैद किया और कानूनी जांच में गंभीर बाधा डाली।

# दंतेवाड़ा में बड़ी कामयाबी 63 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लोन वरार्टू अभियान के तहत आज 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है जिनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लोन वरार्टू अभियान के तहत आज 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल हैं। यह घटना राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है।

### प्रमुख नक्सली नेताओं का आत्मसमर्पण

आत्मसमर्पण करने वालों में पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन कड़ती भी शामिल है, जिसने अपनी पत्नी के साथ




आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों पर कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था, जो उनकी नक्सली गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। इस बड़े पैमाने पर हुए आत्मसमर्पण से नक्सलियों के संगठन को बड़ा झटका लगा है।

### अभियान की व्यापकता

यह आत्मसमर्पण केवल छत्तीसगढ़ प्रदेश के नक्सलियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर के भी नक्सली शामिल हैं। यह इस बात का संकेत देता है कि राज्य की पुलिस और सुरक्षा बल नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं और नक्सलियों के प्रभाव को कम करने में सफल हो रहे हैं। लोन वरार्टू (घर वापसी) अभियान के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने के प्रयास सफल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### सुरक्षाबलों के प्रयास

सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सघन अभियान, नक्सलियों के विरुद्ध मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने और उन्हें आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

# लगातार बढ़ रहा शीतलहर का असर 12 स्थानों पर रात का पारा माइनस में

**शिमला।** पहाड़ से मैदान तक ठंड ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी है। प्रदेश में रात का तापमान छह डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश में शीतलहर का असर लगातार बढ़ रहा है। पहाड़ से मैदान तक ठंड ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी है। प्रदेश में रात का तापमान छह डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। राज्य में 12 स्थानों पर रात का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। बीते 24 घंटों के दौरान मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बरठीं, बिलासपुर, पालमपुर व नेरी में शीतलहर दर्ज की गई। शिमला में भी न्यूनतम तापमान बीते दिन के मुकाबले आज कम रहा। इससे सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई है। राज्य में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा।

**पाइपों में जम गया पानी**

**ग्री सेल्सियस :** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में पारा माइनस -10.6 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। यहां घरों की पानी की पाइपें जम गई हैं। किन्नौर और ऊंचाई वाले इलाकों में भी हालात ऐसे ही हैं। राजधानी शिमला में भी रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहीं सुबह के समय सड़कों पर फिसलन बढ़ने से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर, मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर में ने कोहरे का सिलसिला जारी है।

**15 जनवरी तक ऐसा रहेगा मौसम:** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पूरे प्रदेश में आगामी 15 जनवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। वहींऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर के कुछ क्षेत्रों में 13 जनवरी तक सुबह व शाम के समय घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट है।

# दलित महिला हत्या कांड: कपसाड़ गांव सील विधायक रोके जाने पर धरने पर बैठे

**सरधना।** सरधना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में दलित महिला की निर्मम हत्या और उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण की घटना से पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालात को देखते हुए पुलिस ने गांव को पूरी तरह सील कर दिया है। वहीं कई दलों के नेता व पदाधिकारी इस मामले को लेकर गांव पहुंचे। वहीं क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।



**गांव के सभी रास्ते सील, भारी पुलिस बल तैनात :** कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव के सभी प्रवेश और निकास मार्गों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पीएसी और स्थानीय पुलिस बल की बड़ी टुकड़ियां तैनात की गई हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति के गांव में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

**विधायक अतुल प्रधान को गांव जाने से रोका, धरने पर बैठ गए :** इसी बीच सरधना विधायक अतुल प्रधान पीड़ित परिवार से मिलने और हालात का जायजा लेने गांव कपसाड़ की ओर जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए उन्हें गांव के बाहर ही रोक दिया।

**हंगामा, धक्का-मुक्की और धरना:** विधायक को रोके जाने से उनके समर्थकों में भारी आक्रोश फैल गया। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। पुलिस की कार्रवाई से नाराज विधायक अतुल प्रधान मौके पर ही धरने पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनहीनता बताया। गांव के बाहर पहुंचा पीड़ित परिवार, पुलिस की गाड़ी से वापस भेजा पीड़ित परिवार के पास सपा विधायक अतुल प्रधान को जाने से रोकने पर पीड़ित परिवार खुद विधायक के पास गांव के बाहर आकर बैठ गया।

### अंतिम संस्कार से इनकार, परिजन अड़े

घटना से आहत पीड़ित परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और अपहत नाबालिग बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्होंने मांगें पूरी होने तक मृतका का अंतिम संस्कार करने से साफ इनकार कर दिया है।

### विशेष टीमें गठित

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि हालात नियंत्रण में हैं और किशोरी की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती जारी है।

# हिमाचल में दर्दनाक बस हादसा, खाई में गिरने से 12 यात्रियों की मौत

**नाहन।** सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में नौ के करीब लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 30 से 35 लोग सवार थे।

स्थानीय लोग हादसे में घायलों को बाहर सड़क तक लेकर आ रहे हैं। घटना के बाद मौके पर चीखों पुकार मची है। हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए हैं।

एसपी सिरमौर, निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि सिरमौर जिले में हरिपुरधार के पास कुपवी से शिमला जा रही एक प्राइवेट बस के सड़क से नीचे गिरने से हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 30-35 लोग सवार थे। और जानकारी का इंतजार है। मैं मौके पर जा रहा हूं। पुलिस और दूसरी बचाव टीमें घायलों को निकालने की



कोशिश कर रही हैं।

### उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जताया शोक

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में शुक्रवार दोपहर बाद एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गए। घटना के बाद राहत बचाव कार्य जारी है। गंभीर रूप से घायल पांच मरीजों को उपचार के लिए हायर संगड़ाह, ददाहू और नाहन लाया जा रहा है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। उधर, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान दुर्घटना पर सरकार की ओर से शोक जताया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज नाहन में गंभीर रूप से लाए जा रहे मरीजों के उपचार के लेकर उचित व्यवस्था के निर्देश दिए।

### बस हादसे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने जताया दुख

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि हरिपुरधार में बस दुर्घटना की अत्यंत दुखद खबर प्राप्त हुई है। इस हृदयविदारक घटना ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया है। इस दुख की घड़ी में उन्होंने अपने आगामी सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। वह इस समय पालमपुर से हरिपुरधार के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कठिन समय में हम सभी का कर्तव्य है कि एकजुट होकर मानवता के नाते अपना दायित्व निभाएं।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक किया व्यक्त

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरुवार को सिरमौर जिले के हरिपुरधार के पास एक निजी बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया। दुर्भाग्यपूर्ण बस शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही थी, तभी वह सड़क से उतरकर एक गहरी खाई में गिर गई। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### उपमुख्यमंत्री ने भी जताया शोक

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'सिरमौर जिले के हरिपुरधार में एक निजी बस के गहरी खाई में उतरने से 9 लोगों के निधन एवं कई यात्रियों के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। हादसे में मारे गए लोगों को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवारों को अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन राहत कार्यों के लिए मौके पर पहुँच चुका है। ॐ शांति।'

# 'आवारा कुत्ते' मामले में तीसरे दिन भी सुनवाई अवैध प्रजनन-आयात और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दे उठे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 'आवारा कुत्ते' मामले की तीसरे दिन भी सुनवाई हुई। एडवोकेट महालक्ष्मी पावनी ने अवैध प्रजनन और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विवादित मुद्दे उठाए, जबकि वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से दखल न देने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई शुरू हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालय परिसरों में भटकते कुत्तों की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया शामिल हैं, मामले की सुनवाई हुई और शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी।

### अभिषेक सिंघवी ने अदालत से दखल न देने की अपील की

इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से इस मामले में दखल न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून और नियम पहले से मौजूद हैं, इसलिए अदालत को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। सिंघवी ने यह भी कहा कि जब संसद जानबूझकर दखल नहीं देती, तो अदालत को भी इसमें नहीं जाना चाहिए। सिंघवी ने आगे बताया कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) कानून के अच्छे जानकार होते हैं लेकिन किसी विशेष विषय के विशेषज्ञ नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों का अवैध आयात

अवारा कुत्तों के मामले की सुनवाई के दौरान, महालक्ष्मी पावनी ने बड़े पैमाने पर अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों के अवैध आयात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिट बुल और हस्की नस्ल के कुत्तों को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि यह मामला स्ट्री डॉग्स (अवारा कुत्तों) के मुद्दे से संबंधित नहीं है। कृपया उन मुद्दों पर ध्यान दें जिनसे हम निपट रहे हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून में उपलब्ध उपायों का पालन किया जाना चाहिए।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...


करंट क्राइम | ट्वीट का करंट






# विकसित भारत की राम जी से गरीबों को रोजगार की लंबी गारंटी

## 185 दिन तक काम, यूपी सरकार जल्द लाएगी प्रस्ताव

## मनरेगा में व्यापक बदलाव, पारदर्शिता और ऑडिट मेकनिज्म पर जोर: मंत्री असीम अरुण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को विकसित भारत की राम जी नाम से पुनर्गठित किए जाने के बाद रोजगार और ग्रामीण विकास को लेकर नई बहस तेज हो गई है। उसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नई व्यवस्था से मजदूरों व किसानों दोनों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और प्रदेश सरकार इसे मजबूत तरीके से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रस्ताव तैयार कर रही है। मंत्री ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में मनरेगा के तहत मजदूरों को मात्र 100 दिन काम मिलता था, जबकि नई संरचना में प्रत्यक्ष 125 दिन का काम व 60 दिन कृषि कार्य जोड़े जाने के बाद कुल 185 दिन रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी।

असीम अरुण ने कहा यह बदलाव विकसित भारत की दिशा में एक जरूरी कदम है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, फर्जी भुगतान रुकेगा और मजदूरों के लिए रोजगार का दायरा बढ़ेगा।



### एनडीए के बैनर तले पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद में एनडीए के बैनर तले यह पहली आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। बैठक में मनरेगा के पुनर्गठन, ग्रामीण रोजगार व चुनावी सुधारों का राजनीतिक व प्रशासनिक खाका साझा किया गया। एनडीए के बैनर का सहारा लेकर की गई उत्तर प्रदेश की यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। जिसमें मनरेगा को लेकर मंत्री ने क्या नया होने वाला है, इसका लेखा-जोखा रखा। इस बैठक में एमएलसी दिनेश गोयल, जिलाध्यक्ष चैनपाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, भाजपा नेत्री रानीता सिंह, सुशील कुमार, राजेश त्यागी, पंकज भारद्वाज और गुंजन शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### साफ पानी देना सरकार का काम

**करंट क्राइम :** जिले में दूषित पेयजल की शिकायतों पर प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि स्वच्छ जलापूर्ति सरकार की प्राथमिकता है और इसे मजबूत करने के लिए जलापूर्ति व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के साथ सभी निकायों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्री ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि जिन क्षेत्रों से दूषित पानी की शिकायतें मिल रही हैं, वहां टीम भेजकर समस्या दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।



### भ्रष्टाचार पर नकेल, समय-समय पर ऑडिट

**करंट क्राइम :** प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने नई व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें ऑडिट और रिव्यू सिस्टम शामिल होगा ताकि मनमानी, फर्जी भुगतान, लापरवाही और भ्रष्टाचार पर सख्त रोक लग सके। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में देशभर में कम से कम 264 अनियमितताएं मनरेगा में चिह्नित हुई थीं, जिनकी जांच के बाद कार्रवाई भी की गई। मंत्री ने कहा मनरेगा में सुधार केवल रोजगार बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि मजदूरों को उनका पूर्ण भुगतान और वैध हक सुनिश्चित कराने के लिए भी है।

---

### एसआईआर प्रक्रिया से चुनावी पारदर्शिता पर जोर, लोकतंत्र होगा मजबूत

**करंट क्राइम :** पत्रकार वार्ता में मंत्री असीम अरुण ने एसआईआर प्रक्रिया पर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में चल रहे सुधारों से लोकतंत्र अधिक मजबूत होगा।

उन्होंने तीखे शब्दों में कहा पहले चुनावों में बूथ कैप्चरिंग व वोटिंग पर लूट जैसी समस्याएं आम थीं। एसआईआर प्रक्रिया के बाद अब केवल असली मतदाता ही वोट डाल सकेंगे। राजनीतिक प्रभाव चाहे जो भी हो, लोकतंत्र की दृष्टि से यह सुधार अनिवार्य है। मंत्री ने कहा कि विपक्ष जिस फर्जी मतदान का आरोप लगाता रहा है, एसआईआर प्रणाली वही खामियां खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों संग गोष्ठी में प्रभारी मंत्री ने समस्याएं सुनीं, सुधार का दिया आश्वासन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रिजर्व पुलिस लाइन्स में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (सैनिक कल्याण) असीम अरुण व पुलिस आयुक्त रविंदर गौड ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने चिकित्सा दावों के भुगतान व अन्य कल्याण संबंधी मुद्दों को उठाया। मंत्री ने पेंशन व चिकित्सा योजनाओं के तहत समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा को मजबूत करने पर जोर दिया। असीम अरुण ने बेस्ट पुलिसिंग की अवधारणा पर बोलते हुए सेवानिवृत्त अधिकारियों को सामुदायिक पुलिसिंग और नीतिगत सुझावों के माध्यम से समाज में योगदान जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे विभाग का अभिन्न हिस्सा हैं। गोष्ठी में १०० से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए।





# पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## पुलिस ऑफिसर से लेकर धरना प्रदर्शन स्थल तक जुटे सैकड़ों हिंदू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों तलवार बांटने के मामले और माहौल खराब करने के आरोप में जेल भेजे गए हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी की बेटे के साथ हुई गिरफ्तारी का हिंदू संगठनों ने शुक्रवार को जमकर विरोध किया। पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में बड़ी संख्या में गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली, लोनी और हापुड़-मेरठ से हिंदू संगठन, साधु-संत और हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता पुलिस ऑफिस के घेराव के लिए पहुंचे थे।

यहां बड़ी संख्या में सुबह से ही पुलिस बल और पुलिस कमिश्नरेट पुलिस की तैनाती भी थी। जिसको देखते हुए धरना स्थल पर हिंदू रक्षा दल के प्रदेश संयोजक गौरव सिसोदिया और प्रभारी एडवोकेट संकेत कटारा के नेतृत्व में यहां पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी वापस लेने और उन्हें जेल से छोड़ने के लिए नारे लगाए गए।

इस दौरान हिंदू संगठनों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती भी की गई। खुद एसीपी कवि नगर सूर्यबलि मौर्य और थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा के साथ कई थानों की फोर्स और पीएसी के जवानों को तैनात किया गया था। हिंदू रक्षा दल से जुड़े गौरव सिसोदिया और एडवोकेट संकेत कटारा ने कहा है कि पिंकी चौधरी पर पुलिस ने दबाव में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं जबकि तलवार बांटने का मकसद हिंसा फैलाना नहीं था, ना ही किसी कोई नुकसान पहुंचाना था। पुलिस ने जिस तरीके से इस मामले में कार्रवाई की है, वह ठीक नहीं है।



### हनुमान चालीसा के साथ हुआ, विरोध-प्रदर्शन का समापन

**करंट क्राइम :** सुबह करीब 11 बजे से ही पुलिस ऑफिस और जिला मुख्यालय के मुख्य गेट पर हिंदूवादी संगठन, हिंदू रक्षा दल सहित हिंदू युवा जुटना शुरू हो गए थे। पिंकी चौधरी के पोस्टर और हाथों में भगवान झंडा लहराए जा रहे थे। इस दौरान पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया है। तो वहीं हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए हिंदूवादी संगठनों, हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों और साधु-संतों ने इस धरना-प्रदर्शन-विरोध कार्यक्रम को समाप्त किया।

### पुलिस के एक्शन का किया विरोध

#### सौंपा हनुमान चालीसा के बाद ज्ञापन फोटो



### धरना- प्रदर्शन से बड़े अधिकारी रहे दूर

**करंट क्राइम :** पुलिस मुख्यालय और जिला मुख्यालय के निकट हो रहे हिंदूवादी संगठनों के बड़े आंदोलन होने के बावजूद डीसीपी स्तर का कोई अधिकारी मौके पर नहीं था। साथ ही खुफिया विभाग का भी कोई अधिकारी नजर नहीं आया। तो वहीं एडिशनल सीपी और एडीसीपी स्तर के अधिकारी भी इस बड़े आयोजन से दूर रहे। इसकी चर्चा जमकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हुई है।



# हाउस टैक्स विवाद पर बोले प्रभारी मंत्री असीम अरुण

## हाउस टैक्स थोड़ा-थोड़ा बढ़े, जनता की कमर न टूटे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए गए हाउस टैक्स के भारी संशोधन को लेकर जन असंतोष दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं गाजियाबाद के प्रभारी असीम अरुण ने हाउस टैक्स पर सरकार का आधिकारिक रुख सामने रखा।

मंत्री ने पत्रकारों के सवालों पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश स्पष्ट है कि टैक्स में बढ़ोतरी क्रमिक होनी चाहिए और ऐसी न हो कि आम नागरिक की कमर टूट जाए।

पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस प्रेसवार्ता में मंत्री ने माना कि गाजियाबाद में टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा कई श्रेणियों में टैक्स दोगुना या इससे अधिक किया गया है, जो समीक्षा का विषय है। उन्होंने यह भी बताया कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए उनसे

### टैक्स संतुलन जरूरी —राजस्व मिले, नागरिक पर बोझ भी न बढ़े

**करंट क्राइम :** प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार का उद्देश्य नगर निकायों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना है, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके। लेकिन जरूरी यह भी है कि टैक्स निर्धारण संतुलित और व्यावहारिक हो। उन्होंने कहा टैक्स थोड़ा-थोड़ा बढ़ाए जाएं, एकदम से जनसामान्य पर बोझ न पड़े। वही टैक्स लिया जाए जो नियम संगत हो और जनता के लिए स्वीकार्य हो। हाउस टैक्स के मौजूदा विवाद पर उन्होंने कोई तत्काल आश्वासन तो नहीं दिया कि वृद्धि पर अस्थायी रोक लगेगी या दरें घटेंगी, लेकिन इतना जरूर संकेत दिया कि सरकार पुनर्विचार और समीक्षा के पक्ष में है।

# गाजियाबाद में नहीं मेरठ में मनायेंगे बसपाई बहन जी का जन्मदिन

## इस बार दोहरायेंगे संकल्प और नहीं कटेगा कोई केक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक दौर था जब बसपा की सरकार उत्तर प्रदेश में हुआ करती थी। तब यहां बसपा नेताओं की एक पूरी फौज हुआ करती थी। अंबेडकर पार्क में जन्मदिन का जश्न होता था। तब माईक होता था, मंच होता था और जन्मदिन के वर्षों के हिसाब से उतने वजन का केक आता था। लेकिन फिर धीरे धीरे समय बदला और हाथी सत्ता से बाहर हो गया। इसके साथ साथ जन्मदिन के जश्न का भी रंग फीका पड़ने लगा। नीले महावतों ने भी जन्मदिन को पहले एक ऑडिटोरियम में समेटा और फिर ये पार्टी के दफ्तर तक सिमट गया। कभी जन्मदिन से पहले मुलाकातों का दौर होता था। कभी जन्मदिन की पूरी व्यवस्था को टारगेट सिस्टम से संभाला जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है।

इस बार भी 15 जनवरी को बसपा कार्यकर्ता और नेता पार्टी सुप्रीमों का जन्मदिन गाजियाबाद में नहीं मनायेंगे। सूत्र बताते हैं कि बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन मेरठ में मनाया जायेगा। मेरठ मंडल में कई जिलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचेंगे। जाहिर है कि जब सभी को निर्देश हैं तो बसपा के स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मेरठ पहुंचेंगे। यहीं पर जन्मदिन मनाया जायेगा। खास बात ये है कि इस बार भी बसपा सुप्रीमों मायावती के जन्मदिन पर केक नहीं काटा जायेगा। यहां पर संकल्प होगा और इसके साथ ही सभी बसपा कार्यकर्ता पार्टी प्रोटोकॉल का पालन करेंगे।

# जब पुलिस के साथ दबिश पर गये भाजपा नेताओं ने भी लगा दी रेस

## कोई बताने को तैयार नहीं कि क्या हुआ ऐसा जो भागना पड़ा उल्टे पैर वापिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो कहावत है कि जिसका काम उसी को साजे और करे तो डंडा बाजे। लेकिन यहां तो डंडे वाले साथ गये थे और केसरिया फ्लावर उनके साथ लग लिये। सूत्र बताते हैं कि गये तो दोनों बड़े जोश से थे और जितने जोश से वो इधर से गये थे उससे ज्यादा जोश से वो उधर से भागते हुए आ गये। किस्से में रेस है और किस्से में खाकी वालों से लेकर केसरिया वालों के फेस हैं। वो बता ही नहीं रहे हैं कि क्यों तो गये थे और क्यों आ गये। लेकिन फ्लावर वाले सूत्र बता रहे हैं कि गांजा, चरस, अफीम बेचने वालों को पकड़ने के लिए गये थे।

जिस समय गये थे ओवर कान्फीडेंस कुछ ज्यादा था। उधर का रिएक्शन क्या होगा, इससे बेखबर थे और बताते हैं कि जब उधर वालों ने इधर वालों की खबर ली तो फिर भगदड़ मच गई। भगदड़ इतनी रोचक थी कि बदमाश तो मैदान में डटे रहे और खाकी वालों ने रेस लगाई। खाकी वालों के साथ उन केसरिया नेताओं ने भी रेस लगाई जो खाकी वालों के दम पर इधर से बड़े जोश में गये थे कि आज गांजा बेचना हम बंद करायेंगे। किस्सा नदिया के पार वाला बताया जाता है। बताते हैं कि



यहां पर अग्रवाल जी वाले वार्ड में नशे के कारोबार की सूचना खुद भाजपा नेताओं ने पुलिस को दी थी।

सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और सूचन देने वालों ने कहा कि झुग्गी बस्ती में नशे का कारोबार चल रहा है। इसके बाद नशे का सामान बेचने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी हुई। सब तैयार हुए और यहां पर पुलिस वालों के साथ केसरिया टोली भी लग ली। फिलहाल तो प्रयांग बता रहे हैं कि इन्दिरापुरम की इस झुग्गी बस्ती में नशे का कारोबार होता है। हम कई बार पुलिस को पहले भी बता चुके हैं। लेकिन जब एक्शन नहीं हुआ तो खुद ही एक्शन लेने की योजना बनी। इसके बाद पूरा प्रोग्राम बना और खाकी वर्दी भी आ गई। सर्दी के मौसम में वर्दी वाले भी चले और साथ में केसरिया दल वाले भी आ गये। बताया जाता है कि यहां झुग्गी बस्तियों में एक संगठित गिरोह नशे का कारोबार चला रहा है। इधर से जो टोला उन्हें पकड़ने गया था वो उधर का रिएक्शन देखकर बड़ी तेजी से बैक टू पवेलियन हुआ। लेकिन कमाल ये भी हुआ कि बैक टू होने वाले फिर वापस नहीं लौटे।

उधर के झुग्गी वाले ज्यादा एग्रेसिव मूड में दिखाई दिये। सूत्र बताते हैं कि किसने पीटा, कौन पिटा ये तो नहीं पता लेकिन उसके बाद ना तो पुलिस कर्मियों ने दबिश की कोई बात कही और ना ही उनके साथ गये फ्लावर टोले का कोई सदस्य बोलने को तैयार है। लेकिन जिन्होंने अपनी आंखों से ये नजारा देखा है वो भी दबी जुबान से ये मान रहे हैं कि हमने उन्हें पूरे जोश में कदमताल के साथजाते भी देखा और फिर पूरी हड़बड़ी में उधर से भागते आते भी देखा।

# पुलिस कमिश्नर ने लगाए आईपीएस लिचि के अशोक स्तंभ

## दी भविष्य की शुभकामनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर कार्यरत लिपि नगायच को पदोन्नत होकर अपर पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रैंक प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर आयोजित पिपिंग सेरेमनी में पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड एवं एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी ने अशोक स्तंभ रैंक प्रतीक लगाकर बधाई दी।। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

सेरेमनी में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमित्त दशरथ पाटिल, एएसपी डॉ.एस दीपिका चौहान भी उपस्थित रहीं। जिन्होंने लिपि नगायच को पदोन्नति के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य प्रदर्शन की सराहना की।

## संपादकीय

# रूस तेल पर 500% टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप का रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाने का नया प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। अमेरिका का यह कदम भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों को निशाना बना रहा है, जिसका उद्देश्य यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को संसाधन जुटाने से रोकना है।

वेनेजुएला और ग्रीनलैंड में उलझे डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वाली कहानी अभी पूरी नहीं हुई है। उनका नया प्रस्तावित बिल और भी एकतरफा, मनमाना और अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। खुद उनकी सरकार को यह कहने में संकोच नहीं कि इससे अमेरिकी राष्ट्रपति को दूसरे देशों पर दबाव बनाने की शक्ति मिलेगी।

दूसरों पर जिम्मेदारी । नए बिल के मुताबिक, रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाया जा सकता है। इस बिल पर अगले हफ्ते वोटिंग की उम्मीद है। अमेरिका के निशाने पर मुख्य रूप से भारत, चीन और ब्राजील है। बहाना उसका वही पुराना है कि रूस इन देशों को तेल बेचकर यूक्रेन युद्ध के लिए संसाधन जुटा रहा है। हालांकि हकीकत यही है कि अमेरिका और यूरोप की युद्ध रुकवाने की अभी तक की सारी कोशिशें नाकाफी साबित हुई हैं, लेकिन वॉशिंगटन उस नाकामी को दूसरों पर डालना चाहता है। रूस पर असर नहीं पिछले महीने अमेरिका ने उत्साह के साथ फ्लोरिडा में यूक्रेन, रूस और यूरोप के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी। ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी इन बैठकों का हिस्सा थे और इनमें यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर खास फोकस रहा। लेकिन, लगता नहीं कि इन बैठकों का कोई असर पड़ा, क्योंकि इनके साथ-साथ रूसी हमलों में भी तेजी आई है। अब ब्रिटेन और फ्रांस ने एक सहमति पत्र पर साइन किए हैं, जिसके मुताबिक शांति समझौते के बाद वे यूक्रेन में सेना तैनात करना चाहते हैं, जबकि रूस इसके विरोध में हैं।

तेल की हकीकत रूस और यूक्रेन के बीच का मसला कई बिंदुओं पर उलझा हुआ है, पर ट्रंप प्रशासन उसका सरलीकरण करके उसे सिर्फ एक नजर से देख रहा है तेल की खरीद। अजीब बात है कि खुद ट्रंप के दावे के मुताबिक, भारत अब रूस से कम तेल आयात कर रहा है। कूटनीतिक जवाब युद्ध से लेकर तेल तक, ट्रंप हर दिन कोई नया दावा करते हैं। हाल में उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अपाचे हेलिकॉप्टर की डील पर बयान दिया, जिसमें गलतियां थी। ट्रंप की बातें पारंपरिक कूटनीतिक भाषा से अलग और असामान्य हैं। भारत को विरोध दर्ज कराने के लिए कूटनीतिक रास्ता ही अपनाना चाहिए। वॉशिंगटन तक यह बात पहुंचानी जरूरी है कि उसके कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अभी दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर वार्ता चल रही है, तो फोकस उसी पर होना चाहिए। बहरहाल, ट्रंप सरकार की इन ऊट-पटांग हरकतों की वजह से अमेरिका दुनिया का भरोसा गंवाता जा रहा है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से उसकी सबसे बड़ी करंसी रही है।

# लगातार चौथे दिन बाजार में बिकवाली सेंसेक्स 600 अंक लुढ़का, निफ्टी भी कमजोर




**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर में गिरावट का दौर जारी रहा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 193.55 अंक गिरकर 25,683.30 अंक पर बंद हुआ।

भारतीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। इस क्षेत्र में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, तेल और गैस, आईटी, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और धातु क्षेत्र मजबूत बने रहे, जबकि रियल एस्टेट, निजी बैंक, वित्तीय सेवाएं, एफएमसीजी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में कमजोरी देखी गई। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शुरूआती कारोबार में थोड़ी तेजी के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 604.72 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरकर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। दिन भर में इसमें 778.68 अंक या 0.92 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83,402.28 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 193.55 अंक या 0.75 प्रतिशत गिरकर 25,683.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे गिरकर 90.16 (अस्थायी) पर आ गया।

## ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 62.10 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 62.10 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 3,367.12 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,701.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 780.18 अंक या 0.92 प्रतिशत गिरकर 84,180.96 पर बंद हुआ। निफ्टी 263.90 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 25,876.85 पर आ गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, अदानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा और बजाज फाइनेंस सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वहीं, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। भारत-अमेरिका टैरिफ वार्ता को लेकर अनिश्चितता ने डाला असर जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका-भारत टैरिफ वार्ता को लेकर अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच घरेलू बाजार में जोखिम से बचने की भावना तेज हो गई है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ संबंधी नए बयानों के बाद वैश्विक व्यापार अनिश्चितता बढ़ने के कारण भारतीय शेयर बाजार पूरे सप्ताह लगातार दबाव में रहे।

# ओला इलेक्ट्रिक में सॉफ्टबैंक ने 2.15% हिस्सेदारी घटाई




**नई दिल्ली।** जापान की बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ने भारत की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपनी हिस्सेदारी को और कम कर दिया है। कंपनी ने ओपन मार्केट ट्रांजेक्शन के जरिए 2.15 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री की है। स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई विनियामक फाइलिंग के अनुसार, यह बिक्री सॉफ्टबैंक की निवेश इकाई 'एसवीएफ क्क्र ऑस्ट्रिच (डीई) एलएलसी' छछउत्र जरिए की गई। यह कदम सॉफ्टबैंक की ओर से भारतीय ईवी बाजार की प्रमुख कंपनी में अपने निवेश को आंशिक रूप से भुनाने की रणनीति का हिस्सा है। ताजा बिकवाली के बाद ओला इलेक्ट्रिक में सॉफ्टबैंक की होल्डिंग में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

### लेन-देन का विवरण और समयसीमा

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर से बीएसई को भेजी गई फाइलिंग के मुताबिक, सॉफ्टबैंक की इकाई एसवीएफ क्क्रऑस्ट्रिच ने कुल 9 करोड़ 46 लाख 28 हजार 299 इक्विटी शेयरों का निपटान किया है। शेयरों की यह बिक्री एक लंबी अवधि के दौरान कई चरणों में की गई है। फाइलिंग में बताया गया है कि यह विनिवेश प्रक्रिया 3 सितंबर, 2025 से 5 जनवरी 2026 के बीच पूरी की गई।

सेबी के नियमों के तहत, जब किसी सूचीबद्ध कंपनी में शेयरधारिता में बदलाव 2 प्रतिशत की सीमा को पार करता है, तो इसका खुलासा करना अनिवार्य होता है। 5 जनवरी 2026 को किए गए निपटान के साथ ही यह बिक्री 2 प्रतिशत के अनिवार्य स्तर को पार कर गई, जिसके बाद कंपनी ने यह आधिकारिक जानकारी साझा की।

# एफटीए के सहारे 2025 में स्थिर रहा भारत का रत्न-आभूषण निर्यात



**नई दिल्ली।** रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपी) का कहना अमेरिका के टैरिफ के दबाव और चीन से कमजोर मांग के बाद भी मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के समर्थन की वजह से भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 2025 में स्थिर बना रहा। नवंबर तक निर्यात 19 अरब डॉलर रहा। जीजेईपीसी के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने बताया कि हमें नए बाजारों की वजह से निर्यात को 19 अरब डॉलर का बनाए रखा है। इसमें एफटीए से उद्योग को उल्लेखनीय समर्थन मिला है।

### नए मार्केट ने चीन की मंदी की भरपाई की

उन्होंने बताया कि चीन में आर्थिक मंदी देखी गई है, लेकिन डाइवर्सिफिकेशन से इसका असर कम किया गया है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पश्चिम एशइया, यूरोप और अफ्रीका जैसे देशों से चीन की मंदी की भरपाई की है। यूनाइटेड अरब अमीरात, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और ओमान जैसे देशों में एक्सपोर्ट तेजी से बढ़ रहा है, और इस साल यूनाइटेड अरब अमीरात को शिपमेंट में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### अमेरिका से निर्यात 30 प्रतिशत से अधिक गिरा

उन्होंने बताया कि टैरिफ बढ़ने के बाद अमेरिकी बाजारों में हमारा निर्यात लगभग 30 प्रतिशत से अधिक कम हुआ है। भंसाली ने कहा कि अमेरिका और चीन में अनिश्चितता के बीच 2026 मुश्किल हो सकता है, लेकिन एफटीए से मार्केट डाइवर्सिफिकेशन और पॉलिसी सपोर्ट इस इलाके की एक्सपोर्ट स्ट्रैटेजी के लिए जरूरी बने रहेंगे। यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका हमारे लिए काफी बढ़ा बाजार है और उसे हम खोना नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें उम्मींद है कि जल्द ही व्यापार वार्ता आगे बढ़ेगी।

### ओमान भारत के लिए नया व्यापार हब

ओमान एक मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग हब के तौर पर उभर रहा है, जिसे अफ्रीका और जीसीसी ।( सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, कुवैत, बहरीन) के आसपास के देशों के लिए गेटवे के तौर पर देखा जा रहा है। भंसाली ने कहा कि जमीन, ह्यूमन रिसोर्स और लेबर वीजा की मदद से फैक्ट्री लगाने में दिलचस्पी बढ़ रही है। इसके साथ कई और श्रेणियों जैसे कि पॉलिश किए गए हीरे और सोने के आभूषणों की मजबूत मांग बढ़ी है। यह भारतीय आभूषण निमार्ताओं और निर्यातकों के लिए विविध प्रकार के बाजारों के अवसर प्रदान कर सकती है।

# खराब मौसम से एयर इंडिया की दो यूके उड़ानें डायवर्ट




**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में खराब मौसम के कारण एयर इंडिया की दो उड़ानों को डायवर्ट किया गया। मुंबई से लंदन हीथ्रो जाने वाली फ्लाइट को गैटविक और अमृतसर से बर्मिंघम जाने वाली फ्लाइट को हीथ्रो एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया।

ब्रिटेन में खराब मौसम का असर गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात पर पड़ा। भारतीय विमान भी इससे अछूते नहीं रहे। भारत से यूनाइटेड किंगडम जाने वाली एअर इंडिया की उड़ानों को भी परिचालन बाधा का सामना करना पड़ा। एयरलाइन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, खराब मौसम के कारण एअर इंडिया के दो उड़ान निर्धारित गंतव्यों पर नहीं उतर सके, इसके कारण उन्हें नजदीकी हवाई अड्डों पर डायवर्ट करना पड़ा।

यह घटनाक्रम गुरुवार को हुआ जब भारत से उड़ान भरने वाले ये विमान यूके के हवाई क्षेत्र में पहुंचे। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि प्रभावित उड़ानों में एक मुंबई से लंदन हीथ्रो और दूसरी अमृतसर से बर्मिंघम के लिए संचालित की जा रही थी।

### मुंबई-लंदन हीथ्रो उड़ान को किया गया डायवर्ट

एअर इंडिया के बयान के मुताबिक, मुंबई से लंदन हीथ्रो के लिए संचालित उड़ान संख्या अक्र131 को गंतव्य हवाई अड्डे पर खराब मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ा। यह उड़ान बोइंग 777 विमान से संचालित की जा रही थी। खराब परिस्थितियों के कारण, विमान को लैंडिंग से पहले लंदन हीथ्रो के ऊपर कुछ समय तक होल्ड करना पड़ा। अंततः, लैंडिंग संभव न हो पाने की स्थिति में विमान को लंदन गैटविक एयरपोर्ट की ओर डायवर्ट कर दिया गया, जहां इसकी 'प्रायोरिटी लैंडिंग' कराई गई।

### अमृतसर से बर्मिंघम जाने वाले विमान का भी मार्ग बदला

इसी तरह की स्थिति अमृतसर से बर्मिंघम जाने वाली उड़ान संख्या अक्र117 के साथ भी बनी। एयरलाइन ने बताया कि गंतव्य हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण यह विमान बर्मिंघम में लैंड नहीं कर सका। लैंडिंग की अनुमति न मिलने के कारण विमान को हवा में होल्ड करना पड़ा। बाद में, इस उड़ान को बर्मिंघम से लंदन हीथ्रो डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया। यह उड़ान बोइंग विमान द्वारा संचालित की जा रही थी, जिसकी बाद में लंदन हीथ्रो पर सुरक्षित प्रायोरिटी लैंडिंग कराई गई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बांस की व्यापक और मजबूत जड़ प्रणाली होती है जो मृदा को स्थिर रखती है और जमीन के क्षरण को रोकती है।
- चीनी किंवदंती के अनुसार, साल 2697 बीसी में संगीत का आविष्कार किया गया था, जब सम्राट हुआंग ति ने बांस के डंडों को काटने के लिए लिंग लुन को भेजा था, जो फीनिक्स पक्षी की आवाज से मेल खाने जैसी एक ध्वनि पैदा करता था।
- बांस अक्सर एशियाई व्यंजनों में प्रयोग किया जाता है। इसे सलाद के रूप में या सूप के रूप में भी परोसा जा सकता है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा, बांस के खंभे पर एक मूल्य-विवाद ने एक युद्ध को शुरू कर दिया था जिसमें 21 मिलियन लोग मारे गए थे।
- क्या आप जानते हैं? युवा बांस की टहनी में टैक्सीनफिलीन नामक विष शामिल होता है। इसके कारण, उपभोग से पहले बांस को पकाया जाना चाहिए (उच्च तापमान से विषाक्त पदार्थ को नष्ट कर दिया जाता है)।
- बांस से न केवल एक कपड़ा बनाया जा सकता है, बल्कि यह रोगाणुरोधी भी होता है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप किसी नये काम की शुरूआत कर सकते हैं।

**वृष:** आपके दिन की शुरुआत भागदौड़ और मेहनत के साथ होगी। अपने रिश्ते में सुधार लाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। रूके हुए कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन:** इससे पहले की नकारात्मक विचार मानसिक बीमारी का रूप ले लें, उन्हें खत्म कर दें। ऐसा किसी दान-पुण्य के काम में सहभागिता के जरिए कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है।

**सिंह:** आज आपकी कार्यनिष्ठा ही आपकी विजय का कारण बनेगी। कुछ काम बनेगे और कुछ बनते बनते अपनी ही गलती से रुक सके है या अटक सकते है।

**कन्या:** आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा-पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। अपना नजरिया दोस्तों और रिश्तेदारों पर थोपने की कोशिश न करें।

**तुला:** आज दिन ठीक-ठाक रहेगा। घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना आपके लिए कारगर साबित हो सकता है। परिवार में कुछ अनबन की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज का दिन अच्छा रहेगा। कामकाज में धीरे-धीरे वापस गति आएगी। करियर में आगे बढ़ने के कुछ नए मौके मिल सकते हैं।

**धनु:** रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश मुनाफा देंगे। परिवार की भलाई के लिए मेहनत करें। कामों के पीछे प्यार और दूरदृष्टि की भावना हो, न कि लालच का जहर।

**मकर:** आज आप किसी मित्र के साथ कहीं घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं। आपको जीवनसाथी से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** आज आपके घर में अच्छा माहौल बना रहेगा प्रोफेशनल मोर्चे पर आपके शत्रु और प्रतिद्वंदी की योजनाएं निष्फल होंगी। भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी।

**मीन:** धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा होगी।

## चुटकुले

संता- यार मेरे बोर्ड के एग्जाम शुरू होने वाले हैं
बंता- अबे तो डरता क्यों है?
संता- सब बोलते हैं दसवीं का एग्जाम ही सबसे इम्पोर्टेन्ट हैं
बंता- अबे ज्यादा टेंशन मत ले
10 वीं की मार्कशीट तो बस जन्मतिथि देखने के काम ही आती है।

---

चंपू- सोचा था, दो पैग मार के 10 बजे तक घर पहुंच जाऊंगा।
गप्पू- हां तो क्या हुआ?
चंपू- ये पैग और टाइम कब आपस में बदल गए, पता ही नहीं चला यार।

---

पापा- क्या बात है चिंटू आज बड़ा खुश है?
चिंटू- बस पूछो मत पापा
पापा बता....कमबख्त क्या गुल खिला रहा है
बेटा आपकी होने वाली बहू 12वीं में पास हो गई है
फिर क्या था....दे लात और दे चप्पल पड़ी!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# डब्ल्यूपीएल के पहले मैच में मुंबई इंडियंस का सामना आरसीबी से होगा, हरमनप्रीत-मंधाना होंगी आमने-सामने

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की शुरूआत शुक्रवार से हो रही है। टूर्नामेंट के पहले मैच में दो बार की विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस का सामना डब्ल्यूपीएल में एकमात्र अन्य खिताब जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा जिसकी कमान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना संभाल रही हैं।



चौथी डब्ल्यूपीएल का आयोजन दो चरणों में नवी मुंबई और वडोदरा में किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का भी मौका मिलेगा।

## कागजों पर मुंबई मजबूत

कागजों पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम काफी मजबूत नजर आती है। उसके पास भारतीय कप्तान हरमनप्रीत के अलावा इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मुंबई ने अपने अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और किसी भी टीम के लिए उसे हराना एक चुनौती होगी।

न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की मिली इलिंगवर्थ और भारत की भरोसेमंद अमनजोत कौर की मौजूदगी से उसकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत हो गई है। शबनिम इस्माइल मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी, जिसमें साइका इशाक भी शामिल हैं।

## आरसीबी की टीम में स्टार खिलाड़ियों की भरमार

आरसीबी की बात करें तो उसके पास मंधाना के अलावा एलिस पेरी जैसी मंझी हुई खिलाड़ी है। इन दोनों पर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने का जिम्मा होगा। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल, ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस और दक्षिण अफ्रीका की जुझारू ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी। आरसीबी के पास ऋचा घोष के रूप में अदद विकेटकीपर और फिनिशर है। भारत की अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्रकार और इंग्लैंड की लॉरेन बेल आरसीबी की प्रमुख तेज गेंदबाजों में शामिल हैं।

उसके पास इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ, भारत की राधा यादव और श्रेयांका पाटिल जैसी अच्छी स्पिन गेंदबाज भी हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार है...

**मुंबई इंडियंस :** हीली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, पूनम खेमनार, एमेलिया केर, नैत साइवर ब्रंट, निकोला कैरी, नाला रेड्डी, त्रिवेणी वशिष्ठ, जी कमालिनी (विकेटकीपर), राहिला फिरडोस (विकेटकीपर), मिली इलिंगवर्थ, साइका इशाक, शबनिम इस्माइल।

**आरसीबी :** दयालन हेमलता, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत, पूजा वस्त्रकार, सायली सत्घरे, ऋचा घोष (विकेटकीपर), कुमार प्रत्यूशा (विकेटकीपर), लॉरेन वेल, अरुंधति रेड्डी, लिन्से स्मिथ, राधा यादव।

# मिस्र की टेनिस खिलाड़ी, जिनका खराब खेल सुर्खियों में; सर्विस भी ठीक से नहीं कर सकीं

**नई दिल्ली।** टेनिस कोर्ट पर मिस्र की एक खिलाड़ी ने इतना खराब खेल खेला कि उसका प्रदर्शन सुर्खियों में आ गया। अब इसे लेकर केन्या टेनिस ने भी बयान जारी किया है। मिस्र की 21 साल की टेनिस खिलाड़ी हाजर अब्देलकादर ने केन्या के नैरोबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के W-35 टूर्नामेंट में इतना खराब प्रदर्शन किया जिसे देखकर सभी लोग चौंक गए। उनका मुकाबला जर्मनी की लोरेना शेडेल से था। जर्मनी की इस खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 37 मिनट में ही 6-0, 6-0 से हरा दिया। मिस्र की खिलाड़ी खाता भी नहीं खोल सकीं। टेनिस में ऐसा स्कोर पहली बार नहीं देखा गया है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि जिस तरह अब्देलकादर खेल रही थीं उसे देखकर लग रहा था कि वह पहली बार टेनिस कोर्ट में उतरी हैं।

**वाइल्ड कार्ड के रूप में मिला था प्रवेश:** अब इस बात के नए विवरण सामने आ रहे हैं कि कैसे अब्देलकादर एक पेशेवर टूर्नामेंट में बुरी तरह पिछड़ गईं और टेनिस कमेंटेटरों की आलोचना का शिकार हो गईं। टेनिस केन्या ने कहा कि अब्देलकादर को वाइल्ड कार्ड के रूप में टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया था। मूल रूप से एक ऐसा आमंत्रण जिसमें टूनामेंट के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालिफाई करने या रैंकिंग प्रणाली के माध्यम से स्थान अर्जित करने की आवश्यकता नहीं होती है। संगठन ने बताया कि उन्होंने वाइल्ड कार्ड के लिए औपचारिक आवेदन दिया था और मंगलवार सुबह नैरोबी पहुंच गई थीं।



एक अन्य खिलाड़ी के अचानक नाम वापस लेने और क्वालिफाइंग ड्रॉ में शामिल होने के कारण टूर्नामेंट में एक स्थान खाली हो गया था।

# आईसीसी टूर्नामेंट अब कम खास रह गए फैंस का उत्साह कम हो रहा : रॉबिन उथप्पा

**डरबन।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के शेड्यूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हाल के वर्षों में लगातार आयोजित हो रहे बड़े आईसीसी टूर्नामेंट खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए अपनी पहचान खो रहे हैं। वह इस समय दक्षिण अफ्रीका में दक्षिण अफ्रीकी टी20 लीग एसए20 लीग के दौरान कमेंट्री कर रहे हैं।



**रॉबिन उथप्पा ने कहा कि ICC द्वारा हर साल बड़े टूर्नामेंट कराए जाने से उनकी पहचान समाप्त हो रही है। पिछले डेढ़ वर्ष में चार बड़े क्ळउ इवेंट हुए, जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के लिए उनका महत्व कम हो गया। उथप्पा के अनुसार, क्रिकेट प्रशासन को यह मानना होगा कि टूनार्मेंट्स में अंतराल रखना जरूरी है ताकि वे प्रीमियम बने रहें।**

**आईसीसी शेड्यूल पर उथप्पा की चिंता**

डरबन में मीडिया से बातचीत के दौरान उथप्पा ने कहा कि क्रिकेट प्रशासन को यह समझने की जरूरत है कि आईसीसी चैंपियनशिप्स का हर साल आयोजित होना उनके महत्व को कम कर रहा है। उनके मुताबिक, अब एक आईसीसी टूर्नामेंट हर साल होता है, जिससे दर्शकों और प्रशंसकों के लिए उसका मूल्य कम हो रहा है। इसकी नवीनता खत्म हो रही है। खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए टूर्नामेंट का मायने होना चाहिए, और इसके बीच अंतराल जरूरी है।'

**छोटे अंतराल में चार बड़े आईसीसी इवेंट**

पिछले डेढ़ साल में आईसीसी कैलेंडर में चार बड़े इवेंट शामिल हुए। इनमें सितंबर-नवंबर 2025 में महिला वनडे विश्व कप, फरवरी-मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी, जून 2025 में डब्ल्यूटीसी फाइनल, फरवरी-मार्च 2026 में पुरुष टी20 विश्व कप शामिल हैं। उथप्पा के मुताबिक, इतने कम समय में इतने बड़े इवेंट होने से उनका प्रीमियम प्रभाव कम हो रहा है।

**'हर साल ICC चैंपियनशिप नहीं होनी चाहिए'**

उथप्पा ने प्रशासनिक स्तर पर बदलाव की मांग करते हुए कहा कि खेल किस दिशा में जा रहा है, यह समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'हमें हर साल क्ळउ चैंपियनशिप नहीं करनी चाहिए। यह कठिन सच है जिसे प्रशासकों को समझना होगा। खेल जिस ओर जा रहा है, उसी दिशा में बहना होगा।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि बढ़ती फ्रेंचाइजी लीग्स और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के बीच आईसीसी इवेंट्स को प्रीमियम बनाए रखना चुनौती बन चुका है।

# तमीम इकबाल ने भविष्य को लेकर बीसीबी को दिखाया आईना

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भले ही आईसीसी को दोबारा पत्र लिखकर भारत में नहीं खेलने की मांग दोहराई है, लेकिन इसे लेकर अब बांग्लादेश में ही मतभेद सामने नजर आ रहे हैं। पूरे मामले को लेकर पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने भी अपनी राय रखी है।



भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेलने की मांग पर अड़े बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अपने ही खिलाड़ी ने आईना दिखाया है। पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने बोर्ड को चेताया है कि वह भावनाओं में बहकर नहीं, बल्कि भविष्य को ध्यान में रखकर फैसला ले। दरअसल, बीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर मांग की है कि वह टी20 विश्व कप में अपने मुकाबले भारत के बजाए श्रीलंका में खेलना चाहता है।

**भारत में सुरक्षा को बना रहा बहाना**

बीसीबी ने गुरुवार को आधिकारिक तौर पर आईसीसी को दूसरी बार पत्र लिखा था। बीसीबी ने भारत में सुरक्षा पर चिंता जाहिर की और क्रिकेट की वैश्विक संस्था से टी20 विश्व कप में अपने मुकाबले श्रीलंका में कराने की मांग दोहराई। टी20 विश्व कप की शुरूआत सात फरवरी से होनी है और बांग्लादेश को ग्रुप चरण के अपने चार मैच भारत में खेलने हैं। इसमें से तीन कोलकाता में और एक मुंबई में खेला जाना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को निर्देश दिया था कि वह बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज कर दे। इसके बाद से ही बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप को लेकर राग अलपाना शुरू कर दिया है। बीसीबी ने सुरक्षा को बहाना बनाया है और अपने मैच श्रीलंका में खेलने की मांग की है।

वहीं, अब इस पूरे विवाद में तमीम की भी एंट्री हुई है और उन्होंने बीसीबी से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला लोगों की भावनाओं से प्रभावित नहीं हों क्योंकि ऐसे किसी भी निर्णय का असर अगले 10 साल तक पड़ सकता है। तमीम इकबाल ने कहा, स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है और अभी अचानक कोई बयान देना मुश्किल है। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि अगर सब मिलकर काम करें तो कई समस्याएं संवाद के माध्यम से हल हो सकती हैं। आपको यह देखना होगा कि बांग्लादेश विश्व क्रिकेट में कहां खड़ा है और बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर निर्णय लेना चाहिए।

**बांग्लादेश के रुख से बीसीबी में ही मतभेद**

बांग्लादेश के खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरुल ने स्थल बदलने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव का हवाला दिया और सरकारी गलियारों में भारत विरोधी बढ़ती भावना को जारी रखा। बीसीबी और सरकार के बीच इस मुद्दे पर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। अमिनुल इस्लाम बुलबुल के नेतृत्व वाला बीसीबी इस दृष्टिकोण से पूरी तरह सहमत नहीं है।

**'बांग्लादेश क्रिकेट और खिलाड़ियों के हित में हो फैसला'**

तमीम ने स्पष्ट किया, हम बीसीबी को एक स्वतंत्र संस्था मानते हैं। निश्चित रूप से सरकार बड़ी भूमिका जरूर निभाती है और उसके साथ चर्चा जरूरी है, लेकिन अगर हम बीसीबी को स्वतंत्र मानते हैं तो इसे अपने निर्णय लेने का अधिकार भी होना चाहिए। अगर बोर्ड किसी फैसले को सही मानता है तो उसे वह निर्णय लेना चाहिए। सार्वजनिक राय हमेशा अलग-अलग होगी।

# सबसे ज्यादा रन और छक्के किसके नाम, मंधाना दोनों में शीर्ष-5 में नहीं

**महिला प्रीमियर लीग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने मिलकर खेल को रोमांचक बनाया है। सबसे ज्यादा रन शेफाली वर्मा और नैट शीवर ब्रंट ने बनाए, सबसे ज्यादा छक्के शेफाली वर्मा ने मारे, जबकि टक्की गेंदबाजों ने विकेट में दबदबा दिखाया।**



**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2026 का आज से आगाज हो रहा है। पहला मैच मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। महिला प्रीमियर लीग का पहला चरण नौ जनवरी से 17 जनवरी तक नवी मुंबई में खेला जाएगा। वहीं दूसरा चरण 19 जनवरी से पांच फरवरी तक वडोदरा (बारोडा) में आयोजित होगा। फाइनल मुकाबला भी वडोदरा में खेला जाएगा। लीग स्टेज में कुल 20 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद तीन फरवरी को एलिमिनेटर और दो दिन बाद यानी पांच फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। शेड्यूल में सिर्फ दो डबल हेडर मुकाबले हैं। भारतीय महिला टीम के वनडे विश्व कप जीतने के बाद इस टूनार्मेंट का महत्व बढ़ गया है। इससे टूर्नामेंट में चार चांद लगेगा। साथ ही जून में महिला टी20 विश्व कप होना है। उससे पहले इस टूर्नामेंट को तैयारी के तौर पर भी देखा जा रहा है। टूर्नामेंट के ओवरऑल स्टैट्स ने दर्शकों को और रोमांचित कर दिया है। इस बार बल्लेबाजों और गेंदबाजों की प्रदर्शन सूची में कई रिकॉर्ड बनते दिख रहे हैं। हैरानी की बात तो ये है कि महिला प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा रन और छक्के लगाने वाले शीर्ष पांच खिलाड़ियों में स्मृति मंधाना का नाम नहीं है। शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा छक्के जड़े, जबकि नैट शीवर ब्रंट ने कंसिस्टेंसी दिखाते हुए सबसे ज्यादा रन बनाए। आइए जानते हैं...

**सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी**

डब्ल्यूपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली शीर्ष 10 खिलाड़ियों ने तीनों सीजन में कंसिस्टेंसी और आक्रामकता दिखाई। मुंबई इंडियंस की नेट शीवर ब्रंट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1027 रन बनाए हैं, जबकि स्मृति मंधाना शीर्ष-पांच में नहीं हैं। वह इस लिस्ट में सातवें स्थान पर हैं।

| खिलाड़ी | मैच | रन | उच्चतम स्कोर |
|---|---|---|---|
| नैट शीवर-ब्रंट | 29 | 1027 | 80* |
| एलिस पेरी | 25 | 972 | 90* |
| मेग लैनिंग | 27 | 952 | 92 |
| शेफाली वर्मा | 27 | 865 | 84 |
| हरमनप्रीत कौर | 27 | 851 | 95* |
| हेली मैथ्यूज | 29 | 758 | 77* |
| स्मृति मंधाना | 26 | 646 | 81 |
| ऋचा घोष | 26 | 625 | 69 |
| ग्रेस हैरिस | 22 | 581 | 72 |
| एश्ले गार्डनर | 25 | 567 | 79* |

**सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली खिलाड़ी**

सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में शेफाली वर्मा शीर्ष पर हैं। उन्होंने 49 छक्के लगाकर दर्शकों को रोमांचित किया। भारत की पावर हिटर ऋचा घोष और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर भी इस मामले में शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल हैं।

**सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट वाली खिलाड़ी**

स्ट्राइक रेट में शेफाली वर्मा 162.59 के साथ अव्वल हैं, जबकि नैट शीवर ब्रंट और हरमनप्रीत कौर भी शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में हैं। शेफाली ने अब तक तीन सीजन में 162.59 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

# टीम इंडिया से ड्रॉप होने के बाद क्यों चर्चा में हैं ऋतुराज, शतक जड़ बड़े रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे टीम से बाहर होने के कुछ दिन बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी में 134 रन की धांसू पारी खेलकर टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतकों (15) का रिकॉर्ड बराबर किया। इस प्रदर्शन ने उनके चयन विवाद पर नई चर्चा छेड़ दी है, जबकि पडिक्कल और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ी भी इस रेस में बने हुए हैं।



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने के सिर्फ पांच दिन बाद ऋतुराज गायकवाड़ ने अपने बल्ले से जोरदार जवाब दिया। विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करते हुए उन्होंने गोवा के खिलाफ शानदार 134 रन (131 गेंद) की पारी खेली। यह शतकीय पारी न सिर्फ मैच के लिहाज से अहम रही, बल्कि गायकवाड़ के करियर में ऐतिहासिक भी साबित हुई।

**विजय हजारे में सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड बराबर**

इस पारी के साथ ऋतुराज ने विजय हजारे ट्रॉफी में सबसे ज्यादा शतकों (15) का रिकॉर्ड छू लिया। यह रिकॉर्ड पहले महाराष्ट्र के ही बल्लेबाज अंकित बावने के नाम था, लेकिन अब दोनों संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। गायकवाड़ ने सिर्फ 59 पारियों में यह कीर्तिमान हासिल कर लिया, जबकि बावने 100 से ज्यादा मैच खेल चुके हैं। गायकवाड़ इस मैच में नंबर पांच पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उनकी यह पारी महाराष्ट्र को 50 ओवर में 249/7 तक ले गई, जो मुश्किल स्थिति में एक सम्मानजनक स्कोर था। वहीं अंकित बावने इस मैच में नंबर तीन पर आए, लेकिन बिना खाता खोले आउट हो गए। गायकवाड़ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स टीम के कप्तान हैं और दिसंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला वनडे शतक भी जड़ा था।

# फीफा का वीडियो कंटेंट पार्टनर बना टिकटॉक

## ब्राजील टूर्नामेंट से पहले खेलेगा दो मैत्री मैच

**जिनेवा।** फीफा ने इस करार की कीमत, निविदा प्रक्रिया या अन्य प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं का विवरण साझा नहीं किया। इससे पहले 2022 कतर विश्व कप में ह्ययूट्यूबह्ल का एक सीमित प्रायोजन समझौता हुआ था जिसमें क्रिएटर्स को विशेष अनुमति मिली थी।



फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने 11 जून से 19 जुलाई तक चलने वाले पुरुष फुटबॉल विश्व कप में सोशल मीडिया पर वीडियो कंटेंट के लिए ह्यटिकटॉकह्ल को अपना प्रमुख प्लेटफॉर्म चुना है। इस साझेदारी के अंतर्गत ह्यकंटेंट क्रिएटर्सह्ल को 48 टीम वाले विश्व कप में विशेष अनुमति मिलेगी। यह टूनामेंट 16 शहरों में आयोजित होगा। इनमें अमेरिका के 11, मेक्सिको के तीन और कनाडा के दो शहर शामिल हैं।

फीफा ने बताया कि विश्व कप के प्रसारण अधिकार रखने वाले ब्रॉडकास्टर टिकटॉक ऐप पर बने एक विशेष 'हब' के जरिए 104 मैच के कुछ हिस्सों का लाइव प्रसारण कर सकेंगे।

अमेरिका में टिकटॉक के 17 करोड़ से अधिक यूजर हैं। फीफा ने कहा, 'इसके अलावा बड़ी संख्या में क्रिएटर्स को फीफा के ह्यआर्काइवह्ल फुटेज का इस्तेमाल और इन्हें साथ में बनाने का मौका भी मिलेगा।'फीफा ने इस करार की कीमत, निविदा प्रक्रिया या अन्य प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं का विवरण साझा नहीं किया। इससे पहले 2022 कतर विश्व कप में 'यूट्यूब' का एक सीमित प्रायोजन समझौता हुआ था जिसमें क्रिएटर्स को विशेष अनुमति मिली थी।

# भारतीय टीम में चुने गए खिलाड़ियों का विजय हजारे में कैसा रहा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है और फैंस की नजरें उन खिलाड़ियों की हालिया फॉर्म पर टिकी हुई हैं, जो इस बड़े टूनामेंट में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। ऐसे में विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 का प्रदर्शन उनके फॉर्म का एक अहम संकेत देता है। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, कुछ खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया तो कुछ उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

**विजय हजारे में क्यों खेले सभी खिलाड़ी:** बीसीसीआई ने इस सीजन से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों के लिए कम से कम दो घरेलू मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसी नियम के तहत विराट कोहली और रोहित शर्मा ने भी घरेलू क्रिकेट का रुख किया था। आमतौर पर इंटरनेशनल मैचों में महंगे टिकट के कारण कई फैंस स्टेडियम नहीं जा पाते, ऐसे में घरेलू क्रिकेट में इन सितारों को खेलते देखना एक दुर्लभ मौका मिला। टीम इंडिया में चुने गए 15 में से 14 खिलाड़ियों ने विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा लिया।



### विकेटकीपर बैटर्स : ईशान और संजू की वापसी

संजू सैमसन ने झारखंड के खिलाफ 101 रन की चमकदार पारी खेली, जबकि पुद्दुचेरी के खिलाफ सिर्फ 11 रन बना सके। इसके पीछे उनका स्थिर स्ट्राइक रेट और मैच कंट्रोल क्षमता टीम के लिए मूल्यवान मानी गई है। ईशान किशन ने कर्नाटक के खिलाफ 125, फिर केरल के खिलाफ 21 और मध्य प्रदेश के खिलाफ नौ रन बनाए। उनका आक्रामक अंदाज और अनुभव टी20 विश्व कप में बेहद काम आ सकता है।

### रिंकू सिंह का जलवा जारी

भारत के भरोसेमंद फिनिशर रिंकू सिंह ने विजय हजारे टूर्नामेंट में एक बार फिर अपनी क्लास साबित की। हैदराबाद के खिलाफ 67, चंडीगढ़ के खिलाफ 106*, बड़ौदा के खिलाफ 63, असम के खिलाफ 37*, जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 41, विदर्भ के खिलाफ 57* और बंगाल के खिलाफ 37* जैसी पारियों ने उनका रिपोर्ट कार्ड बेहद प्रभावी बना दिया। यह स्पष्ट है कि रिंकू टी20 विश्व कप में भारत का ट्रम्प कार्ड साबित हो सकते हैं।


**सूर्यकुमार फ्लॉप, तिलक चोटिल:** टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने विजय हजारे में सिर्फ दो मैच खेले, लेकिन फॉर्म टेस्टिंग में वह फेल साबित हुए। हिमाचल के खिलाफ 24 और पंजाब के खिलाफ 15 रन उनकी बैटिंग का हिस्सा रहे। वहीं, तिलक वर्मा ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार 109 रन जड़े और फिर बंगाल के खिलाफ 34 रन बनाकर निरंतरता दिखाई। तिलक की स्थिरता भारत के मिडिल ऑर्डर के लिए राहतभरी खबर है। हालांकि, वह चोटिल हो गए हैं और टी20 विश्व कप में उनके खेलने पर संशय है। विजय हजारे में लगी चोट की वजह से उन्हें सर्जरी से गुजरना पड़ा है।

**ऑलराउंडर सेक्शन: अभिषेक, हार्दिक, दुबे, अक्षर चमके:** अभिषेक शर्मा ने महाराष्ट्र के खिलाफ 48 रन बनाए और एक विकेट लिया, उत्तराखंड के खिलाफ 30 रन बनाए और दो विकेट लिया ऐसे में दोनों विभागों में उनका प्रदर्शन औसत रहा, लेकिन फिर मुंबई के खिलाफ वह आठ रन ही बना पाए और एक ओवर में 30 रन खर्च किए। हार्दिक पांड्या, जो लंबे समय बाद भारतीय टीम में लौट रहे हैं, ने विदर्भ के खिलाफ 133 रन बनाए और एक विकेट लिया। इसके बाद चंडीगढ़ के खिलाफ 75 रन बनाए और तीन विकेट झटके।

**भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मजबूत मिश्रण चुना है। विजय हजारे ट्रॉफी में कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि कुछ औसत रहे। रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने अलग-अलग विभागों में दम दिखाया।**

उनकी वापसी टीम बैलेंस के लिहाज से अहम है। शिवम दुबे ने हिमाचल के खिलाफ 68/4 लेकर गेंदबाजी से झटका दिया और पंजाब के खिलाफ दो विकेट लेकर अपनी बहुमुखी क्षमता दिखाई। हालांकि, उनका बैटिंग फॉर्म चिंता का विषय है। अक्षर पटेल ने आंध्र के खिलाफ 130 रन बनाए और दो विकेट भी झटके, जबकि ओडिशा के खिलाफ 73 रन बनाकर चयन को सही साबित किया। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर ने राजस्थान और त्रिपुरा के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से खराब योगदान दिया।

हर्षित राणा ने सर्विसेस के खिलाफ चार और रेलवे के खिलाफ एक विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की है। जसप्रीत बुमराह ने विजय हजारे ट्रॉफी इसलिए नहीं खेली क्योंकि उन्हें वर्कलोड मैनेजमेंट और पीठ की चोटों के इतिहास को देखते हुए बीसीसीआई और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आराम करने की सलाह दी गई थी, ताकि वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए फिट और तरोताजा रह सकें।




# दर्दनाक हादसा : कैंटर की चपेट में आया मासूम...मौके पर मौत

▸ स्थानीय लोगों का आरोप , कैंटर को पीछे करते समय चालक के साथ कोई क्लीनर मौजूद नहीं था, जिससे यह हादसा हुआ

**हापुड़(करंट क्राइम)।** हापुड़ में पुराने हाईवे किनारे ट्रक यार्ड के सामने लकड़ी से लदे कैंटर की चपेट में आने से एक मासूम की मौत हो गई। तौल के दौरान पीछे ले जाते समय कैंटर के नीचे आने से हादसा हुआ, पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।



सिंभावली क्षेत्र के अंतर्गत पुराने हाईवे किनारे स्थित ट्रक यार्ड के सामने गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें लकड़ी से लदे एक कैंटर की चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव खुडलिया निवासी पिताबंर ने बताया कि लकड़ी से भरी कैंटर गाड़ी धर्म कांटे पर तौल कराई जा रही थी। तौल के दौरान गाड़ी में दो कुंडल लकड़ी का वजन अधिक पाया गया, जिस पर चालक अतिरिक्त लकड़ी उतारने के लिए कैंटर को पीछे की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान वहां खेल रहे बच्चों में से उनका बेटा रोहन (2 वर्ष) उम्र कैंटर के नीचे आ गया और कुचल गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल बच्चे को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कैंटर को पीछे करते समय चालक के साथ कोई क्लीनर मौजूद नहीं था, जिससे यह हादसा हुआ।

इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया, लेकिन पुलिस के समझाने पर शांत हो गए। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चेन स्नेचिंग की घटना से निवासी सहमे दूसरी सोसाइटी का देख रहे विकल्प

**ग्रेटर नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेसिडेंशिया सोसाइटी में बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग के प्रयास के बाद से निवासियों को अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही है। निवासियों का कहना है कि सुरक्षा के लिहाज से सोसाइटी का चयन करने के बाद भी वह असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सोसाइटी में घटी घटना के बाद कई निवासी अब दूसरी सोसाइटी में फ्लैट को खोजने लगे हैं।



सोसाइटी में रहने वाले सुमित जलोटा ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को एक बुजुर्ग महिला लिफ्ट से सवार होकर जा रही थी, तभी अचानक हेलमेट पहन कर आए कुछ बदमाशों ने महिला को अकेला देखकर उसकी चेन खींचने का प्रयास किया। इस दौरान महिला के चिल्लाने पर वह डर कर वहां से भाग गए। इस घटना के बाद से सोसाइटी में डर का माहौल है।

वहीं अभिषेक कुमार ने बताया कि सोसाइटी का चयन सुरक्षा के मानकों के अनुसार किया था। जब यहां लोग ही सुरक्षित नहीं हैं,तो रहने का कोई फायदा नहीं है। अंकित ने बताया कि परिसर के सुरक्षा कर्मियों की संख्या कम है। कई बार ऐसा होता है कुछ टावरों में गार्ड मौजूद नहीं होते हैं, यह अधिकतर रात के समय होता है।




## मोरटी वाले प्लॉट में है किन दो जनप्रतिनिधियों का साझा

इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि इस समय पॉलिटिक्स ही जमीन वाले कर रहे हैं और जो जनप्रतिनिधि बने हैं उनकी जमीन भी अब फल फूल रही है। किसी फूल वाले की पत्ती के किस्से नदी के उस पार से फ्लैटों की खिड़कियों से बाहर आते हैं। किसी फूल वाले ने अगल बगल, आगे पीछे के सारे मकान ही खरीद लिये। किसी के फार्म हाउस का किस्सा गूंजता है, तो किसी ने जनप्रतिनिधि बनने के बाद उस पास 220 गज का प्लॉट खरीद लिया। ताजा किस्सा मोरटी वाले प्लॉट का गूंज रहा है। ये उन दिनों की बात है जब ना वो जनप्रतिनिधि थे और ना ये जनप्रतिनिधि थे। दोनों ने साझे में प्लॉट खरीदा और फिर लहर का ऐसा कहर आया कि दोनों ही जनप्रतिनिधि बन गये। एक बड़ा जनप्रतिनिधि बना और दूसरा छोटा जनप्रतिनिधि बना। सुना है कि छोटे जनप्रतिनिधि चाहते हैं कि प्लॉट को सेल कर दिया जाये। अब छोटे को क्या पता कि बड़े वालों के यहां बहार आयी हुई है। तू साझे की जमीन को गजों में बेचने का प्लान बना रहा है और वहां बीघों के हिसाब से जमीन खरीदी जा रही है। फूल वाले ने ही कहा कि वैसे तो महकमा टेंडर वाला है और आप किसी भी मामले में उनके जेंडर पर मत जाना। पावर का तूफान है और सुना है कि छोटा जनप्रतिनिधि चाहता है कि 50 के हिसाब से प्लॉट सेल कर दिया जाये और बड़े का कहना है कि 40 के रेट से जो तेरे पैसे बनते हों वो ले ले। एक जनप्रतिनिधि 40 के रेट से ज्यादा देने को तैयार नहीं है और दूसरा जनप्रतिनिधि 50 के रेट से नीचे आने को तैयार नहीं है। जमीन का किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है।

## वो बनते हैं जिसके साथी उसकी पॉलिटिक्स पर लग जाती है फिर साढ़े साती

पॉलिटिक्स में सहयोग का रोल है और गठबंधन का रोल है। कई बार टिकट मिलने का सहयोग है और कई बार जीतने का भी सहयोग है। बात पॉलिटिक्स में सहयोगी बनाने का लेकर चली। तब किसी ने कहा कि सहयोगी उसे बनाओं जो आपके लिए उपयोगी हो। मगर यहां मजेदार बात युवा भाजपाई ने कही और उसने कहा कि सहयोग हो, ना हो, संयोग हो या ना हो मगर ऐसा मत चुनों जिसके हाथ की लकीरों में दुरयोग हो। उन्होंने भगवा सियासत के कई नाम बताये और कहा कि ये ऐसे साथी हैं , ये जिसके साथ लग जाते हैं आप समझो कि उसकी पॉलिटिक्स की उसी दिन से साढ़े साती लग जाती है। उन्होंने बताया कि फार्मर चौधरी पूरे स्टेट को देख रहे थे , मगर जैसे ही वो उनके साथ लगे तो तीन बार के हैड एक झटके में एक्स हो गये और अभी तक राजनीति का मामला रिलैक्स नहीं हुआ है। फिर उसने दूसरा नाम लिया और कहा कि बहन जी बड़े मौज से पॉलिटिक्स एन्जॉय कर रही थीं। वो वहां पर बहन -बहन कहकर घुसे और फिर बहन का ही पॉलिटिक्स चैप्टर बंद हो गया। उन्होंने बताया कि एक्स यूथ वाले के चरणों में इतना यश है कि जिसके यहां घुसते हैं उसकी राजनीति गश खाकर गिर पड़ती है। उन्होंने बताया कि शॉर्प वाले शर्मा जी पॉलिटिकली बहुत शॉर्प माईन्ड थे। लेकिन यूथ वाले ने जब एन्ट्री ली तो शर्मा जी के लिए हालात ही एन्टी हो गये। चौधरी साहब से लेकर बहन और शर्मा जी से लेकर लोहियानगर वाले लाला जी का सियासी इलाज बांध दिया। भाजपाई ने ही कहा कि ऐसे साथी से तो भाईसाहब अकेले पॉलिटिक्स कर लो। ये तो जिसके थी साथ लग जाते हैं आप मानकर चलों कि उसी दिन से उसकी पॉलिटिक्स में साढ़े साती का योग शुरू हो जाता है और साढ़े साती लगती है।

## साईकिल वालों को पता ही नहीं है फूल वालों के 50 वोट वाले टारगेट का किस्सा

वैसे तो फूल वाले एसआईआर की रेस में पिछड़ गये। लखनऊ वाले समीक्षकों ने जब यहां आकर जवाब मांगा तो आंकड़ों की बाजीगरी दिखाने की कोशिश की। जब लखनऊ में महाराज ने ही टाईट लिया तो बताया जाने लगा कि ऐसा नहीं है और वैसा नहीं है। लेकिन किस्सा उस वीडियो का गूंज रहा है जो बनाई तो गयी थी पोजेटिव वे में मगर वो सामने आ गयी ऑडियो के चलते नैगेटिव वे में। इस मीटिंग में फूल वालों की बात चीत चल रही है और एक जिम्मेदार चेहरा जोर देकर कह रहा है अरे जब सरकार हमारी है तो फिर काहे की देरी है। यहां इस चेहरे ने कहा कि अपने वाले फार्म नहीं दे रहे तो मत देने दो लेकिन तुम इस सूत्र को याद रखो। बता दिया कि हमारी वोट बढ़े या ना बढ़े मगर उनकी जरूर घटनी चाहिए। इस स्कीम में एक वर्ग विशेष की हर बूथ पर 50 वोट काटने का टारगेट रखा गया है। बताते हैं कि इस टारगेट की भनक साईकिल वालों से लेकर हाथी वालों को नहीं लगी। हाथ वालों को भी नहीं लगी। वैसे कहते ये भी हैं कि अगर भनक लग भी जाती तो वो कर क्या लेते। लेकिन कहानी का रोचक पहलू ये है कि इस 50 वोट वाले टारगेट को भी फूल वालों ने हल्के में ले लिया। और जिनकी वोट बीएलओ मैजिक से गायब करने का प्लान बनाया था , उन गोल टोपी वालों ने खुद को हाई अलर्ट मोड पर कर लिया है। वो एसआईआर में भी पूरी तरह एक्टिव रहे और फार्म 6 से भी उन्होंने खुद को पूरी तहर अपडेट रखा है।

# पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल ने खाया जहर

**हापुड़(करंट क्राइम)।** सुधीर कुमार यादव चार साल पहले पीएसी में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। वह 45 दिन की छुट्टी काटकर बुधवार को पुलिस लाइन ड्यूटी पर पहुंचे थे। महिला थाने में तैनात सिपाही चालक के सात दिन की छुट्टी पर जाने के बाद सुधीर यादव को शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे पुलिस लाइन से निकलकर महिला थाने पर गए थे।

महिला थाने के ड्राइवर के छुट्टी पर जाने के बाद पुलिस लाइन से आए सिपाही चालक सुधीर कुमार यादव ने शुक्रवार की सुबह थाने में जहर खा लिया। जिनकी उपचार के दौरान मेरठ के एक अस्पताल में मौत हो गई। सुधीर यादव 45 दिन की छुट्टी काटकर बुधवार को ड्यूटी पर पुलिस लाइन पहुंचे थे।



उनकी मौत पर पुलिस महकमे में शोक की लहर है। हालांकि मृतक सिपाही के परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

**2006 में हुए थे भर्ती**

मूलरुप से जिला मैनपुरी थाना ओच्छा के गांव दुल्हापुर के रहने वाले सुधीर कुमार यादव वर्ष 2006 में पीएसी में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। पिछले करीब चार वर्ष पहले वह यूपी सिपाही चालक के पद पर तैनात हुए। वर्तमान में वह हाईवे-7 पर गढ़मुक्तेश्वर में तैनात थे। सुधीर यादव 45 दिन की छुट्टी काटकर बुधवार को पुलिस लाइन ड्यूटी पर पहुंचे थे। महिला थाने में तैनात सिपाही चालक के सात दिन की छुट्टी पर जाने के बाद सुधीर यादव को शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे पुलिस लाइन से निकलकर महिला थाने पर गए थे। यहां पहुंचने के कुछ देर बाद सुधीर यादव ने जहर खा लिया।

**सुधीर के बड़े भाई भी पुलिस में**

तबीयत बिगड़ती देख महिला थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा गया। पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में उन्हें गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाला गया भव्य नगर कीर्तन, श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** गढ़मुक्तेश्वर में शुक्रवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व चौपाला स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान पाठ, शबद कीर्तन और गुरु के लंगर का आयोजन किया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं, गतका दल के कलाकारों ने हैरतअंगेज करबत दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



चौपाला पर स्थित गुरुद्वारा परिसर से नगर कीर्तन का शुभारंभ किया गया। विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया और समाजसेवी चौधरी मदनपाल सिंह ने नगर कीर्तन का शुभारंभ किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया एवं पंज प्यारों के नेतृत्व में नगर कीर्तन गुरुद्वारा परिसर से निकलकर मेरठ मार्ग, जवाहर गंज मंडी, नक्का कुआं मार्ग से होता हुआ श्री गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा पहुंचा। जहां से कबीरदास चौक, ब्लॉक के सामने से होकर आंबेडकर चौपाला से गुजरते हुए गुरुद्वारे पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

इस दौरान रास्तों पर खड़े श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को भव्य रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं की संगत शब्द कीर्तन करते हुए नगर कीर्तन में शामिल रही। सिख मिशन संस्था के गतका दल के योद्धाओं ने पटाबाजी, तलवार बाजी समेत अन्य कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया।

वहीं, महिलाओं, बच्चों व अन्य भक्तों ने गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के आगे सड़कों की सफाई की।

# महिला ने पति समेत ससुरालियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**नोएडा(करंट क्राइम)।** कोतवाली सेक्टर-113 क्षेत्र स्थित एक गांव में रहने वाली विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल के अन्य लोगों पर दहेज उत्पीड़न व प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पर्थला खंजरपुर गांव की रहने वाली प्रियंका ने पुलिस से शिकायत की है कि उनकी शादी अप्रैल 2024 में बसई गांव के सार्थक के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति व ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। पति मोबाइल चेक कर अतीत के बारे में जानने का प्रयास करता था। विरोध करने पर अप्रैल 2025 में मोबाइल तोड़ दिया। सास,



ससुर समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोग पति को भड़काने का काम करते लगे। पति के मारपीट करने से पीड़िता का दो बार गर्भपात भी हो चुका है। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि महिला की शिकायत पर पति सार्थक, ससुर रामशरण, सास माया देवी, चंचल, शीतल, अंजली, मोहित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# व्हाइट वॉकर्स ने ईएलडी नंबर-1 को 56 रन से हराया

**पहले बल्लेबाजी करने उतरी व्हाइट वॉकर्स ने टी-20 मुकाबले में पांच विकेट के नुकसान पर 234 रन का स्कोर खड़ा किया**



**ग्रेटर नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेनो वेस्ट स्थित सेंचुरियन क्रिकेट मैदान पर चल रहे इंडिपेंडेंट कप के लीग मैच में मॉश आर्मी ने ईडीवी स्काईवॉकर्स को नौ विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईडीवी स्काईवॉकर्स ने टी-20 लीग मैच में दस विकेट खोकर 166 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉश आर्मी की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाकर मैच में जीत हासिल की। भावेश ने 95 रन की पारी खेली। भावेश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

**विजय यादव अकादमी 129 रन से जीती:** ग्रेटर नोएडा (संवाद)। सीके प्ले स्टेशन क्रिकेट मैदान पर चल रहे जेके अंडर-19 क्रिकेट टूनामेंट में विजय यादव क्रिकेट अकादमी ने यूनाइटेड क्रिकेट क्लब नोएडा ब्लू को 129 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी विजय यादव अकादमी ने 40 ओवर के मुकाबले में चार विकेट के नुकसान पर 340 रन का स्कोर खड़ा किया। संदीप परिहार ने 128 रन और करण सोनी ने 107 रन की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूनाइटेड क्रिकेट क्लब की टीम दस विकेट के नुकसान पर 211 रन ही बना सकी। संदीप परिहार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**चार विकेट से जीती क्रूसेडर्स गाजियाबाद:** ग्रेटर नोएडा (संवाद)। क्रिकेट जंक्शन मैदान पर चल रहे क्रिकेट जंक्शन सीजन-17 के लीग मैच में क्रूसेडर्स गाजियाबाद ने बेलिजरेंट-11 को चार विकेट से पराजित किया। बेलिजरेंट-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टी-20 मुकाबले में सात विकेट पर 164 रन का स्कोर खड़ा किया। मनीष राघव ने 41 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रूसेडर्स गाजियाबाद की टीम ने छह विकेट से जीत हासिल की। रत्निल चौहान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**एमवीएम ने एनएस को हराया**

नोएडा (संवाद)। सेक्टर-127 स्थित ओपी स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड में खेली जा रही जूनियर क्रिकेट चैंपियनशिप सीजन-7 के लीग मुकाबले में एमवीएम लेजेंड्स नोएडा ने एनएस जायंट्स नोएडा को 6 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए एमवीएम लेजेंड्स ने एनएस जायंट्स को 30 ओवर में 125 रन पर रोक दिया। वंश भारद्वाज ने 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमवीएम लेजेंड्स की टीम ने 25.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वंश भारद्वाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**मिसफिट्स ने डीसीसी को हराया:** नोएडा। सेक्टर-115 स्थित रणभूमि क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए रणभूमि वीकडे लीग सीजन-21 के मुकाबले में द मिसफिट्स ने दिल्ली क्रिकेट क्लब (डीसीसी) को 31 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए द मिसफिट्स ने 20 ओवर में 210/3 का मजबूत स्कोर बनाया। हिमांशु तोमर ने 58 रन की पारी खेली। जवाब में दिल्ली क्रिकेट क्लब की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में हिमांशु तोमर ने 3 विकेट झटके।

# बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी


**दादरी।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर सुनारसी गांव के समीप मॉडर्न रेलवे सिटी कॉलोनी से बंद मकान का ताला तोड़ लिया गया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि हरि नारायण तिवारी मॉडर्न रेलवे सिटी में परिवार के साथ रहते हैं। वह 5 दिसंबर को अपने गृह जनपद अंबेडकर नगर परिवार के साथ गए थे। 13 दिसंबर की रात्रि अज्ञात चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, ढाई हजार रुपये की नकदी, कीमती सामान चोरी कर लिया। 14 दिसंबर को सुबह के समय जब उनके बड़े भाई अनिल घर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना फोन पर हरि नारायण तिवारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की है।






# क्या बिना मंथन के जारी हुई लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लंबे समय बाद सिटी जोन की लिस्ट आई। इस लिस्ट में कुल 85 टू-स्टार के नाम दर्ज हुए। तो वहीं इस लिस्ट में 2023 बैच वालों की संख्या भी आधा दर्जन पहुंच गई बताई जा रही है। पर कहा जा रहा है कि चौकी वाला मजा केवल दो को ही मिल पाया है। वहीं इन सबके बीच चर्चा है की चौकी पर अच्छा काम करने वाले कई टू-स्टार थाने से अटैच कर दिए गए हैं। अब यह क्यों और कैसे हुए इसका जवाब कोई नहीं दे रहा है। तो कहीं थानों में सीधे टू-स्टारों के लिए जैसे रास्ते ही खोल दिए गए हों। बताया जा रहा है कि थानों में उन चौकी प्रभारियों को भेज दिया गया है, जो न सिर्फ चौकी संभालते थे बल्कि क्राइम कंट्रोल में भी मेहनत किया करते थे। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पिंक बूथ वालों के भी इस लिस्ट में नाम आए हैं। तो वहीं कई थानों में वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी संभालने वालों के भी कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि कई अच्छी चौकियों से टू-स्टार थाने और साइड लाइन किए गए हैं, उनपर क्या जिम्मेदारी मिलेगी। तो वहीं साहब के साथ पूर्व में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने वाले चौकी प्रभारी को उनके पुराने अड्डे से सिटी की एक थाने की सबसे खास चौकी में भेजा गया है। वहीं बताया जा रहा है कि 2015 वालों पर भी जमकर कृपा का प्रसाद बंटा है। इन सबके बीच कई थानों में ऐसे टू-स्टार इस लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए, जो अपनी वर्किंग से पहचान बनाते हैं। अब सुनने में आ रहा है की लिस्ट तो लंबे समय से कंप्यूटर पर बनकर तैयार थी, कई नाम की अदला-बदली हुई है। तो कई की पोस्टिंग भी बिना मंथन के हो गई है। बताया जा रहा है की जुगाड़ वाले फिर से अपने सिस्टम को मजबूत बनाने में जुट गए हैं। तो जो इस बार इसमें सवार नहीं हो पाए हैं, उन्होंने दोबारा से प्रयास शुरू कर दिया है। अब बताया जा रहा है कि जल्द ही देहात वाली लिस्ट में भी कई पुराने नाम वाले टू-स्टार चार्ज पाने की दौड़ शुरू कर चुके हैं और देखना होगा कि देहात वाली लिस्ट में फिर 2023 वालों पर कितनी कृपा होगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में टू-स्टार की लिस्ट को लेकर जितना शोर था, इस लिस्ट ने कई लोगों को शांत कर दिया है। कहा जा रहा है की क्या लिस्ट भी तो इस बात का संकेत नहीं है कि दो जोन के हालात जल्द बदलने वाले हैं।



# जिले में भी घायलों को मिलेगा कैशलेस इलाज

**नोएडा(करंट क्राइम)।** सड़क दुर्घटना में घायलों को कैशलेस इलाज की योजना को लेकर शुक्रवार को 84 अस्पताल संग ऑनलाइन बैठक हुई। इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल लोगों को डेढ़ लाख रुपये तक निशुल्क इलाज मिलेगा। जिससे पीड़ितों को तुरंत इलाज मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। पिछले वर्ष जनवरी से अक्तूबर तक सड़क दुर्घटना में नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 431 मौत हुई। वहीं 815 लोग घायल हुए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने व्यक्ति को भी राशि दी जाएगी। आयुष्मान योजना के प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि कैशलेस उपचार योजना के तहत दुर्घटना में घायल लोगों को निशुल्क इलाज मिलेगा। इस योजना को लेकर ऑनलाइन बैठक की गई है। ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास है। इलाज की समीक्षा जिला प्रशासन करेगा, इसके बाद रकम अस्पताल को मिलेगी।




**बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण:** नोएडा। संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर जनवरी के अंतिम सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली में होगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। ट्रेनिंग का उद्देश्य अधिकारियों को संक्रामक रोगों की पहचान, निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग और प्रभावी रोकथाम के आधुनिक तरीकों की जानकारी देना है। डिप्टी सीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि मौसमी बदलाव और बढ़ती आबादी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है। ट्रेनिंग के दौरान डेंगू, मलेरिया, डायरिया, टीबी और अन्य संक्रामक रोगों पर विशेष सत्र होंगे। साथ ही आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, फील्ड सर्विलांस और जनजागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे परिजन

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के कैमराला गांव निवासी रिकवरी एजेंट की हत्या के मामले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीण शुक्रवार को सूरजपुर स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे।




पुलिस अधिकारियों ने जल्द ही बाकी आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। कैमराला गांव निवासी फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट हरिकेश और दोस्त मोहित को दो कार से पहुंचे हमलावरों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हरिकेश की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

आरोप है कि गांव निवासी प्रशांत ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार को साइड देने के विवाद में मारपीट की थी। पुलिस अबतक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि अन्य की गिरफ्तारी नहीं होने से परिजन में नाराजगी है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** माया-ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा एमवी कंपनी की एमडी ममता गुप्ता को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ममता गुप्ता इन दिनों संगीत के क्षेत्र में नये टैलेंट को भी मौका दे रही हैं। माया-ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता ने अपने सम्मान के पलों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर सभी के साथ साझा किया। ममता गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिकी टैरिफ का दबाव जारी, अमेरिकी वाणिज्य सचिव का बड़ा खुलासा; सिर्फ एक कॉल बनी वजह

**वाशिंगटन।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने इसके पीछे की वजह के बारे में बताया, जो कि सिर्फ एक फोन कॉल बताई गई है।



डोनाल्ड ट्रंप ने जब से अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभाला है, तब से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का दबाव जारी है। इसी के साथ हालिया टिप्पणी में इस भार को और बढ़ाने की आशंका जताई है। भारत के साथ चल रहे ट्रंप के रिश्तों के बीच अब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया है।

एक फोन कॉल और अटकी रह गई ट्रेड डील

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप न दिए जाने के कारण पर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात नहीं की। उन्होंने दावे के साथ कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से ट्रंप को फोन न करने के कारण यह समझौता अटका हुआ है। हॉवर्ड लुटनिक ने साफ कहा कि ट्रेड डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं, बल्कि पीएम मोदी का ट्रंप को सीधे फोन नहीं करना है।

**अमेरिका वाणिज्य मंत्री ने क्या बताया?**

ऑल-इन पॉडकास्ट में बोलते हुए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने दावा किया कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी को डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करनी थी। बकौल लटनिक भारत सरकार इसके लिए सहज नहीं थी और आखिरकार यह कॉल नहीं की गई, जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया।

**व्यापार समझौते से पीछे हट चुका अमेरिका**

इंटरव्यू में लुटनिक ने कहा, 'चलिए साफ कर देता हूं, यह उनकी (ट्रंप) डील थी, वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सब कुछ करते हैं। सब कुछ पहले से तय था, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज महसूस कर रहे थे। पीएम मोदी ने फोन नहीं किया, इसलिए सौदा नहीं हुआ।' इसी के साथ लुटनिक ने यह भी दावा करते हुए कहा कि जिन शर्तों पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता लगभग तय माना गया था, वे अब लागू नहीं हैं।

# हमास-इस्राइली हमलों में 13 की मौत, अगले हफ्ते शांति बोर्ड की घोषणा कर सकते हैं ट्रंप

**डेर अल-बलाह।** गाजा में हमास और इस्राइल के बीच पहले दौर के शांति समझौते के बाद भी हमले रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गाजा में इस्राइली हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों और परिवार के सदस्यों ने बताया कि उत्तरी गाजा में और साथ ही गाजा शहर के पूर्व में हुए कई हमलों के बाद मृतकों में कम से कम एक बच्चा शामिल था।

बुनियादी ढांचे और लड़ाकों को बनाया निशाना

इस्राइली की सेना ने शुक्रवार को बताया कि उसने गाजा शहर क्षेत्र से लड़ाकों द्वारा दागे गए एक असफल हमले के जवाब में दक्षिणी और उत्तरी गाजा में हमास के बुनियादी ढांचे और लड़ाकों को निशाना बनाया। इन हमलों के बीच इस्राइल और हमास के बीच चरणबद्ध युद्धविराम अभी भी अपने प्रारंभिक चरण में है, क्योंकि गाजा में अंतिम बंधक के अवशेषों को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।



**गाजा में इजरायली हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से नाजुक संघर्ष विराम की देखरेख के लिए शांति बोर्ड की घोषणा करने की उम्मीद थी।**

## इस्राइल ने बल्गेरियाई राजनयिक को किया नामित

इससे पहले गुरुवार (09 जनवरी) को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बल्गेरियाई राजनयिक निकोले म्लादेनोव को बोर्ड के लिए 'नामित' महानिदेशक बनाया जाएगा। बता दें कि म्लादेनोव बुल्गारिया के पूर्व रक्षा और विदेश मंत्री हैं, जिन्होंने 2015-2020 तक संयुक्त राष्ट्र के मध्य पूर्व शांति दूत के रूप में नियुक्त होने से पहले इराक में संयुक्त राष्ट्र के दूत के रूप में कार्य किया था। उस दौरान उनके इस्राइल के साथ अच्छे कामकाजी संबंध थे और उन्होंने इस्राइली और हमास के बीच तनाव को कम करने के लिए अक्सर काम किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की योजना के तहत शांति बोर्ड एक नई तकनीकी-नियंत्रित फलिस्तीनी सरकार, हमास के निरस्त्रीकरण, एक अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की तैनाती, इस्राइली सैनिकों की अतिरिक्त वापसी और पुनर्निर्माण की निगरानी करेगा। हालांकि अमेरिका ने अब तक इनमें से किसी भी मोर्चे पर बहुत कम प्रगति की सूचना दी है।

### शांति बोर्ड के एलान के घोषणा की संभावना

वहीं अमेरिकी अधिकारी और एक अन्य अधिकारी ने औपचारिक घोषणा होने तक नाम न छापने की शर्त पर इस मुद्दे पर बात की। अधिकारियों ने बताया कि अगले सप्ताह ट्रंप की ओर से शांति बोर्ड की घोषणा किए जाने की संभावना है, जिसकी अध्यक्षता वे खुद करेंगे। उनके मुताबिक यह मध्य पूर्व शांति योजना की दिशा में उनका एक अहम कदम होगा। बता दें कि अक्तूबर में इस्राइल और हमास के बीच दो साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष के अंत में हुए युद्धविराम के बाद से यह प्रक्रिया धीमी गति से आगे बढ़ी है।

# अलेप्पो में कुर्द लड़ाकों के साथ संघर्ष के बाद युद्धविराम

**- सीरिया ने किया सीजफायर का एलान**

**सीरिया।** सीरिया के अलेप्पो में तीन दिनों की भारी हिंसा के बाद रक्षा मंत्रालय ने युद्धविराम का एलान किया है। सरकारी सेना और कुर्द लड़ाकों के बीच हुई इस झड़प में कई लोग मारे गए और हजारों लोग विस्थापित हुए। अमेरिका ने इस कदम का स्वागत किया है।

सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को अलेप्पो शहर में सरकारी सेना और कुर्द लड़ाकों के बीच तीन दिनों से जारी संघर्ष के बाद युद्धविराम (सीजफायर) की घोषणा की। इस हिंसा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़नकर विस्थापित होना पड़ा है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, यह युद्धविराम शेख मकसूद, अशरफीह और बानी जैद इलाकों में सुबह 3 बजे से प्रभावी होगा। इसके साथ ही हथियारबंद समूहों को इलाका खाली करने के लिए छह घंटे का समय दिया गया है।



## एसडीएफ की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं

शहर छोड़ने वाले लड़ाकों को अपने निजी हल्के हथियार साथ ले जाने की अनुमति होगी। उन्हें सुरक्षा घेरे में देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में भेजा जाएगा, जो कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) के नियंत्रण में है।

इस सबके बीच अलेप्पो के गवर्नर अजाम अल-गरीब ने सुरक्षा बलों के साथ विवादित इलाकों का दौरा किया। हालांकि, एसडीएफ की ओर से अभी तक इस समझौते पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## अमेरिका ने किया स्वागत

सीरिया में अमेरिकी दूत टॉम बैरक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने सीरियाई सरकार, एसडीएफ और स्थानीय नेताओं के संयम की सराहना की। बैरक ने कहा कि अमेरिका इस छह घंटे की समय सीमा को और बढ़ाने के लिए सभी पक्षों के साथ काम कर रहा है।

## भारी तबाही और विस्थापन

मंगलवार को शुरू हुई इस लड़ाई में अब तक लगभग 1,42,000 लोग विस्थापित हो चुके हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने और अस्पतालों व एंबुलेंस जैसे नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। कुर्द बलों का दावा है कि उनके इलाकों में कम से कम 12 नागरिक मारे गए, जबकि सरकारी अधिकारियों के अनुसार उनके नियंत्रण वाले क्षेत्रों में नौ लोगों की जान गई। ये झड़पें केंद्र सरकार और एसडीएफ के बीच सेना में विलय को लेकर चल रही बातचीत में आए गतिरोध के बीच हुई हैं।

अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा की सरकार और एसडीएफ के बीच पिछले साल समझौता हुआ था, लेकिन इसे लागू करने पर सहमति नहीं बन पाई।

# यूक्रेन हमले में पहली बार ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल; रूसी रक्षा मंत्रालय की पुष्टि

**मॉस्को / कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि यूक्रेन पर ताजा हमले में नए ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया। इससे यूक्रेन युद्ध में तनाव और बढ़ गया है।



रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच तनाव और बढ़ गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि यूक्रेन पर किए गए ताजा हमले में नए ह्यओरेशनिकह्ल बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया है। इस हमले में कीव में चार लोगों की मौत और कम से कम 22 घायल हुए हैं।

प्राकृतिक गैस भंडारण पर निशाना

रूस ने यह नहीं बताया कि ओरेशनिक मिसाइल ने कहां निशाना साधा, लेकिन रूस के मीडिया के अनुसार, यह यूक्रेन के पश्चिमी लविव क्षेत्र में एक विशाल भूमिगत प्राकृतिक गैस भंडारण पर निशाना बना। रूस की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी ड्रोन द्वारा राष्ट्रपति पुतिन के निवास पर पिछले महीने कथित हमले का जवाब था। हालांकि, यूक्रेन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे खारिज किया है। लविव के मेयर एंड्री सादोवी ने कहा कि रूस ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, लेकिन उन्होंने विस्तार में जानकारी नहीं दी। मिसाइल की गति लगभग 13,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

ओरेशनिक मिसाइल को पहली बार नवंबर 2024 में यूक्रेनी फैक्ट्री पर टेस्ट किया गया था। पुतिन का दावा है कि ओरेशनिक की मल्टीपल वारहेड्स की गति टूँ 10 तक होती है और इसे इंटरसेप्ट नहीं किया जा सकता। यह नाभिकीय हथियार भी ले जा सकता है।

**कीव के कई जिलों में पानी और बिजली बाधित:** इस हमले के बाद कीव में जिन लोगों की मौत हुई उनमें एक आपातकालीन मेडिकल कार्यकर्ता शामिल है। पांच बचावकर्मी घायल हुए, जो हमले की जगह पर बचाव कार्य कर रहे थे। हमले के कारण कीव के कई जिलों में पानी और बिजली बाधित हो गई।

# तनाव के बीच खामेनेई ने जनता को किया संबोधित

**तेहरान।** ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने सरकारी टीवी पर देश को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए उन्हें घमंडी बताया और उनके पतन की बात कही। खामेनेई ने कहा कि ईरान शहीदों के बलिदान से बना है और साजिशों के आगे कभी नहीं झुकेगा।



ईरान में इन दिनों हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। देशभर में सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच शुक्रवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का एक भाषण सरकारी टीवी पर दिखाया गया, जिसमें उन्होंने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर बात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी तीखा हमला बोला। खामेनेई ने ट्रंप को घमंडी बताते हुए कहा कि एक दिन उनका भी पतन होगा।

ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान हजारों शहीदों के बलिदान से बना है और यह देश कभी भी साजिश रचने वालों के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार विरोधी ताकतें चाहे जितनी कोशिश कर लें, ईरान अपने रास्ते से पीछे नहीं हटेगा।

**खामेनेई ने जनता को दिया संदेश:** इस दौरान तेहरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए खामेनेई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ट्रंप को खुश करना चाहते हैं। अगर ट्रंप को किसी देश को चलाना आता, तो पहले अपने देश को ठीक से चलाते। खामेनेई ने यह भी कहा कि अमेरिका के अंदर खुद कई गंभीर समस्याएं हैं, लेकिन इसके बावजूद वह दूसरे देशों के मामलों में दखल देता है।

## खामेनेई का संदेश और विरोध प्रदर्शन


खामेनेई का यह अचानक दिया गया भाषण इस बात का संकेत है कि ईरानी सरकार इन प्रदर्शनों को लेकर काफी चिंतित है। सरकार ने हालात को काबू में रखने के लिए देश में इंटरनेट और बाहरी दुनिया से फोन संपर्क बंद कर दिया है, ताकि लोग आपस में और विदेशों से संपर्क न कर सकें।

बता दें कि गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक ईरान के कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शन ईरान के पूर्व शहजादे (क्राउन प्रिंस) के आह्वान के बाद शुरू हुए, जो इस समय देश से बाहर निर्वासन में रह रहे हैं। लोगों ने नारे लगाए और सरकार के खिलाफ मार्च किया।

# दो रूसी नागरिकों को अमेरिका करेगा रिहा, तीन भारतीयों समेत अन्य के भविष्य पर संशय बरकरार

**अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी टैंकर से दो रूसी नागरिकों को रिहा करने पर सहमति जताई है। अमेरिका के इस फैसले पर रूस ने राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताया है। हालांकि, जहाज पर सवार तीन भारतीयों और अन्य सदस्यों के भविष्य पर अभी भी संशय बना हुआ है।**

**मॉस्को।** रूस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अमेरिकी सेना ने जिस तेल टैंकर को अपने कब्जे में लिया था, उससे दो रूसी नागरिकों को रिहा करने के लिए अमेरिका मान गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। मामले में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने बुधवार को उत्तरी अटलांटिक में रूसी झंडे वाले टैंकर 'मैरिनेरा' (पूर्व नाम बेला 1) को जब्त कर लिया था। इस जहाज पर कुल मिलाकर 17 यूक्रेनी, छह जॉर्जियाई, तीन भारतीय और दो रूसी नागरिक सवार थे।



## रूस ने ट्रंप का आभार जताया

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया कि उनके अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों रूसी नागरिकों को रिहा करने का फैसला लिया है। जखारोवा ने कहा, ₹हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और अमेरिकी नेतृत्व का आभार जताते हैं।₹ मंत्रालय ने कहा कि वे अपने नागरिकों की जल्द घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, रूसी बयान में भारतीयों या अन्य देशों के नागरिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

## रूस ने की अवैध कार्रवाई बंद करने की मांग

रूसी विदेश मंत्रालय की यह बयान मॉस्को द्वारा वाशिंगटन से समुद्री नेविगेशन की स्वतंत्रता पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करने और उसकी 'नव-उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को सख्ती से खारिज करने के एक दिन बाद आई है। गुरुवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ₹हम वाशिंगटन से अंतरराष्ट्रीय समुद्री नियमों का पालन करने और मैरिनेरा टैंकर जैसे जहाजों के खिलाफ अवैध कार्रवाई बंद करने की मांग करते हैं।₹

## अमेरिका ने क्या कहा?

दूसरी ओर, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट किया कि टैंकर को अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ा गया है। अमेरिका इसे वेनेजुएला शैडो फ्लीट से संबंधित जहाज बताया, जिसने कथित तौर पर अपने पुराने नाम बेला 1 के तहत प्रतिबंधित तेल ले जाया गया था।

अमेरिका ने पहले घोषणा की थी कि चालक दल के सदस्यों को अमेरिकी संघीय अदालत में पेश होना होगा।

## रूस ने अमेरिका के बयानों को बताया निंदनीय

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, कुछ अमेरिकी अधिकारियों के ये बयान कि मैरिनेरा को जब्त करना वेनेजुएला के प्राकृतिक संसाधनों पर वॉशिंगटन का असीमित कंट्रोल स्थापित करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। यह बहुत ही निंदनीय हैं। हम ऐसी नव-औपनिवेशिक सोच को सख्ती से खारिज करते हैं।

# चीन और जापान के बीच निर्यात पर नए नियम लागू होने से टोक्यो की खेपों में देरी

**बीजिंग।** चीन ने स्पष्ट तौर पर जापान के प्रति अपनी नाराजगी जताई है और अपने सामानों के निर्यात पर नए नियम लगाए हैं। इसके अलावा, जापान पर सैन्य ताकत बढ़ाने का आरोप लगाया। हालांकि, इसी बीच चीन ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के दौरे के दौरान उनके साथ नजदीकियां बढ़ाई हैं।

उधर, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख अखबार पीपुल्स डेली ने भी जापान पर शुक्रवार को तीखा हमला किया है। उसके संपादकीय में कहा गया, नया सैन्यवाद (सेना की ताकत पर जोर देना) जापान को फिर से विनाश की ओर ले जाएगा। इतिहास एक सख्त चेतावनी देता है। लेकिन जापान का दक्षिणपंथ फिर वही पुराने तरीके दोहरा रहा है।



**चीन और जापान के बीच लंबे समय से विवाद रहा है। दोनों देशों के संबंधों में इस शुक्रवार को यह तनाव और बढ़ गया। दरअसल, टोक्यों में चीन के राजदूत ने जापान की निर्यात प्रतिबंधों को हटाने की मांग को ठुकरा दिया।**

## ताकाइची के बयान से शुरू हुआ तनाव

यह बयान ऐसे समय में आया है, जब चीन पिछले कई दिनों से जापान की कड़ी आलोचना कर रहा है। दोनों देशों के बीच तनाव नवंबर में तब शुरू हुआ था, जब जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा था कि अगर चीन ताइवान पर सैन्य बल का इस्तेमाल करता है, तो जापान देने से इनकार नहीं करेगा। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और कई बार दोहरा चुका है कि जरूरत पड़ने पर वह बल प्रयोग करेगा। पिछले महीने उसने ताइवान के पास बड़े सैन्य अभ्यास भी किए थे।

## चीन ने खारिज की जापान की मांग

जापान में चीनी दूतावास ने गुरुवार रात कहा कि उसने जापान के विदेश मंत्रालय की उस मांग को खारिज कर दिया है जिसमें 'दोहरे इस्तेमाल की वस्तुओं' पर लगाए गए नए निर्यात नियम हटाने को कहा गया था। इन वस्तुओं का इस्तेमाल जापानी सेना हथियारों में कर सकती है। चीनी राजदूत वू जियांगहाओ ने कहा कि यह कदम 'पूरी तरह वैध, उचित और कानून के अनुरूप' है और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है।

शुक्रवार को जापानी अधिकारियों ने कहा कि वे इस पर नजर रखे हुए हैं कि जापान से भेजे जाने वाले कृषि उत्पाद, मछली और अन्य सामान समय पर चीन में पहुंच रहे हैं या नहीं। जापान की समाचार एजेंसी क्योदो ने बताया कि कूटनीतिक तनाव के कारण जापान से चीन भेजी जाने वाली साके (जापान की पारंपरिक शराब) और प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री की खेपें रुकी हुई हैं। इससे विवाद का असर और फैल गया है। व्यापार जगत के सूत्रों के हवाले से क्योदो ने कहा कि ये खेपें चीन की सीमा शुल्क प्रक्रिया में अटकी हुई हैं। कुछ जानकारों के अनुसार, ऐसा हो सकता है कि चीन ने साके को जापान का प्रतीक मानकर रोक दिया हो।

## जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव ने क्या कहा?

जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरु किहारा ने कहा कि उन्हें ऐसी खबरों की जानकारी है कि जापान के कुछ निर्यात चीन में रुके हुए हैं। उन्होंने किसी खास व्यापारिक सौदे पर टिप्पणी करने से इनकार किया। किहारा ने कहा, यह जरूरी है कि जापान से कृषि, मछली और अन्य निर्यात सुचारू रूप से हों। हम स्थिति पर करीबी नजर रखेंगे और जरूरी कदम उठाएंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कदम क्या होंगे।

## चीन और जापान के तनावपूर्ण संबंधों का इतिहास

इतिहास में जापान और चीन के संबध तनावपूर्ण रहे हैं। 1895 में जापान ने ताइवान पर कब्जा किया था। दोनों देशों के बीच दो युद्ध हुए हैं और 20वीं सदी की शुरूआत में जापान की शाही सरकार ने चीन के कई हिस्सों पर कब्जा किया था। आज दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध हैं और कई क्षेत्रों में वे साथ काम भी करते हैं, लेकिन विवाद होने पर वे एक-दूसरे की आलोचना करने से पीछे नहीं हटते। इसमें पूरे जापानी लोगों को निशाना नहीं बनाया गया, बल्कि देश के दक्षिणपंथियों को निशाना बनाया गया, जिससे ताकाइची जुड़ी हैं। गुरुवार को जापान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर आई एक रिपोर्ट में बार-बार दक्षिणपंथ का जिक्र किया गया। अखबार ने कहा, जापान का भविष्य दक्षिणपंथ की खतरनाक कल्पनाओं में नहीं है, बल्कि अपने आक्रामक इतिहास का ईमानदारी से सामना करने में है।

## दक्षिण कोरिया की तारीफ

चीन ने इस हफ्ते राष्ट्रपति ली जे म्युंग की बीजिंग यात्रा के दौरान दक्षिण कोरिया के प्रति सकारात्मक रुख भी दिखाया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात और करोड़ों डॉलर के नए निर्यात समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद ली ने कहा कि यह कोरिया-चीन संबंधों के विकास में एक नया अध्याय है। उनकी यात्रा के दौरान चीनी सरकारी मीडिया ने व्यापक कवरेज दी। हाल ही में उसी मीडिया ने चेतावनी दी थी कि चीनी नागरिकों के लिए जापान यात्रा खतरनाक हो सकती है। मीडिया ने यह भी बताया कि नए साल के दौरान दक्षिण कोरिया जाने वाले चीनी यात्रियों की संख्या जापान जाने वालों से ज्यादा रही।

# ट्रंप ने मादुरो को माफ करने से किया इनकार

**- वेनेजुएला हमले पर यूक्रेन से तुलना को भी ठुकराया**

**वॉशिंगटन/काराकास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में कार्रवाई का बचाव करते हुए मादुरो को माफी देने से इनकार कर दिया और कहा कि यह अमेरिका का लंबी अवधि का रणनीतिक लक्ष्य है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को माफी देने से साफ इनकार कर दिया है। ट्रंप ने वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि मादुरो ने ड्रग तस्करी गिरोह के लोगों को अमेरिका भेजा था, जिससे देश को गंभीर खतरा हुआ।

ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा 'मादुरो को माफ नहीं किया जाएगा। यह बहुत लंबे समय तक चलने वाला ऑपरेशन है और अमेरिका वेनेजुएला में लॉन्ग टर्म लक्ष्य लेकर आया है।' उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका वेनेजुएला के तेल का इस्तेमाल कीमतें कम करने में करेगा और काराकास को वित्तीय सहायता भी देगा। अमेरिकी प्रशासन की ओर से देश की अंतरिम राष्ट्रपति



डेल्सी रोड्रिग्ज के नेतृत्व वाली सरकार के साथ काम सुचारू रूप से चल रहा है। हालांकि, रोड्रिग्ज ने हाल ही में ट्रंप को 'लालची' तक कह दिया। वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले की तुलना रूस के यूक्रेन हमले या चीन-ताइवान विवाद से करने पर ट्रंप ने इसे खारिज कर दिया। उनका कहना था कि मादुरो ने सीधे तौर पर अमेरिका के लिए खतरा पैदा किया और यह स्थिति चीन या रूस जैसी नहीं है।

**अमेरिका का टारगेटेड ऑपरेशन:** 3 जनवरी को अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला में एक टारगेटेड ऑपरेशन किया। इसके बाद ट्रंप ने घोषणा की कि मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिका ले जाया गया है। ट्रंप ने यह कार्रवाई अमेरिकी सुरक्षा के लिए जरूरी बताते हुए देश में तस्करी और अन्य खतरों का हवाला दिया। ट्रंप का रुख साफ है कि वे मादुरो को माफ नहीं करेंगे और अमेरिका का यह कदम देश की सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।




# शीतलहर के मौसम में गरीबों को मिली कंबल राहत

## महामंत्री गोपाल अग्रवाल के कार्यालय पर प्रभारी मंत्री ने किये 550 लोगों को कंबल वितरित








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल राजनीति के साथ-साथ समाजसेवा और परोपकार के कामों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। शुक्रवार को जब उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री तथा गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण गाजियाबाद आये तो यहां उनके कर कमलों से एक नेक कार्य भी हुआ। भीषण सर्दी के मौसम में शीतलहर से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों को प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने कंबल वितरित किये। यह कार्यक्रम मुरादनगर में महामंत्री गोपाल अग्रवाल के कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने कहा कि सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण वास्तव में एक सच्ची समाजसेवा है। महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने कहा कि हमें हमेशा से समाज के अन्य वर्गों की कल्याण की सोच रखनी है। हम परोपकार के जरिये भी अपने राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यों का आयोजन करते हैं।

## जल आपूर्ति की गुणवत्ता पर नोएडा प्राधिकरण सख्त

# सीईओ ने बनाई तकनीकी समिति

**नोएडा (करंट क्राइम)।** इंदौर में हाल ही में पीने के पानी में प्रदूषण की घटना ने जनपद गौतमबुद्ध नगर में जल प्रबंधन में कमियों को लेकर कई तरह के सवाल लोगों द्वारा उठाये जाने लगे हैं। हालांकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि सप्लाई की पानी में कोई कमी नहीं है। शुक्रवार को नोएडा में सप्लाई की पानी की गुणवत्ता को लेकर प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जनहित के मुद्दों, शहर के बुनियादी ढांचे और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इंदौर में जल प्रदूषण के कारण हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए सीईओ महोदय ने जल विभागके अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित की है।




यह समिति पाइपलाइनों में रिसाव और जंग लगने की समस्याओं की पहचान तथा जलाशयों और वॉटर एटीएम में पानी की शुद्धता की जांच करेगी। यह समिति विभिन्न क्षेत्रों से सैंपल लेकर अपनी जांच की विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द सीईओ को सौंपेगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर रेलवे बोर्ड के पूर्व जोनल सदस्य प्रदीप त्यागी तथा मधुकर त्यागी ने उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से एक शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में प्रदीप त्यागी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें बधाई तथा शुभकामनायें दीं। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी और इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई।

# व्यापारियों की प्रमुख मांगों को लेकर प्रांतीय कार्य समिति की बैठक, कई मुद्दों पर ज्ञापन देने का निर्णय







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को कवि नगर स्थित मिलन बैंकट हॉल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने की तथा संचालन अशोक चावला ने किया।

बैठक में जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को स्वास्थ्य बीमा, दुकान जलने पर एक करोड़ रुपये का बीमा, स्मार्ट मीटर न लगाए जाने, विभागीय सर्वे व छापों में उत्पीड़न रोकने, विलंब रिटर्न पर ब्याज दर 18% से घटाकर 6% करने, बिना जल कनेक्शन वाले भवनों से जलकर न वसूलने सहित कई मांगों पर निर्णय लिया गया। इसके अलावा 10 लाख के दुर्घटना बीमा को बढ़ाकर 25 लाख करने, सराय एक्ट को बैंकट हॉल व फार्म हाउस पर लागू न करने, हाउस टैक्स व निगम दुकानों के किराए में वृद्धि का विरोध करने तथा जीएसटी मामलों की सुनवाई सेक्टर स्तर पर कराने की मांग पर सहमति बनी।

दवा व खाद्य व्यापारियों की समस्याओं को लेकर आयुक्त से शीघ्र भेंट करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में प्रदेश के 46 जनपदों से पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन जिला अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# राजहंस सोसाइटी में चुनावी बिगुल: तीन चुनाव अधिकारी नियुक्त, 16 फरवरी तक संपन्न होगी प्रक्रिया

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद राजहंस सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के आगामी चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आयोजित हुई जनरल बॉडी मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। तीन सदस्यीय चुनाव टीम का गठन चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए तीन अनुभवी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।




अभिनव खेमका, विनीत माहेश्वरी, बिपुल कुमार नियुक्त किए गए चुनाव अधिकारी।

**चुनाव कार्यालय में तब्दील हुआ एओए ऑफिस:** चुनाव की घोषणा के साथ ही सुचारू कामकाज के लिए महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। एओए अध्यक्ष सुधीर कुमार ने जानकारी दी कि जब तक चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक सोसाइटी का एओए कार्यालय 'चुनाव कार्यालय' के रूप में कार्य करेगा। यहीं से नामांकन और मतदान से जुड़ी तमाम गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

### समय सीमा का दबाव: 16 फरवरी तक डेडलाइन

**करंट क्राइम।** सोसाइटी के पिछले चुनाव 16 फरवरी 2025 को संपन्न हुए थे। यूपी अपार्टमेंट एक्ट 2010 (मॉडल बाय-लॉज) के प्रावधानों के अनुसार, वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव कराकर डिप्टी रजिस्ट्रार को सूचित करना अनिवार्य है। यदि 16 फरवरी तक चुनाव संपन्न नहीं होते हैं, तो वर्तमान कार्यकारिणी 'कालातीत' घोषित हो जाएगी, जिससे सोसाइटी के प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान आ सकता है।

# ऑपरेशन कन्वेक्शन : पॉक्सो मामले में अभियुक्त को 20 वर्ष की सजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑपरेशन कन्वेक्शन अभियान के तहत थाना लोनी क्षेत्र के पॉक्सो केस में अभियुक्त राजू उर्फ गप्पू मूल निवासी नरेला दिल्ली को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा 20 वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। धारा 363 भादवि में उसे 4 वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया गया।

यह मुकदमा वर्ष 2021 में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म के आरोप में दर्ज हुआ। कन्वेक्शन सेल, थाना लोनी के विवेचक और विशेष लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी से यह दोषसिद्धि सुनिश्चित हुई।

# कवि नगर पुलिस ने दबोचे वाहन चोरी के गिरोह के तीन सदस्य स्कूटी-बाइक और चोरी के आठ मोबाइल बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर कई स्कूटी और बाइक बरामद की हैं। साथ ही आठ मोबाइल भी मिले हैं।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह अक्सर भीड़-भाड़ वाले इलाकों और राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर के आसपास खड़े वाहनों को निशाना बनाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रशांत चौधरी, उम्र लगभग 27 वर्ष, मनोज उम्र लगभग 25 वर्ष और विवेक पाल दसांह, उम्र लगभग 20 वर्ष को दबोचा गया है। पुलिस ने स्थानीय इनपुट और सीसीटीवी फुटेज



के आधार पर गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखी। एसीपी कवि नगर सूर्यबलि मौर्य के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अबतक दर्जनों वाहन चोरी कर चुके हैं। उनके कब्जे से चोरी की गई कई स्कूटी बाइक और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे वाहनों को चोरी करने के बाद अलग-अलग जगह पर छुपाकर बेचते थे।

समेत अन्य वाहन चोरी कर आरडीसी और राजनगर क्षेत्र में खड़े वाहनों पर हाथ साफ करते थे। पुलिस उनकी संपत्तियों की वैधता की जांच कर रही है।

एसीपी सूर्यबलि मौर्य ने बताया कि बाकी गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। बरामद वाहनों को जल्द ही उनके वास्तविक मालिकों तक पहुँचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत ग्रेटर नोएडा में जिला स्तरीय बैठक



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित विकास भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी जिला स्तरीय अधिकारियों, ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिवों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा सख्त अनुपालन पर बल दिया गया। चर्चा में ग्राम सभा चैपालों एवं आशा बहनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।

एआरटीओ डॉ. उदित नारायण पांडेय ने हिट एंड रन मामलों, कैशलेस ट्रीटमेंट योजना तथा राहगीर योजना की विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम में 70 से अधिक अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। सभी ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करें तथा ओवर स्पीडिंग से बचें। ग्राम सभा चौपालों के माध्यम से जागरूकता फैलाएं, ताकि हमारा जिला दुर्घटना मुक्त बने।

उप पुलिस आयुक्त (यातायात) डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा है। सभी नागरिक हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, मोबाइल का उपयोग ड्राइविंग के दौरान न करें तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन जन सहयोग के बिना पूर्ण सफलता संभव नहीं। सड़क सुरक्षा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।




# देहरादून में गाजियाबाद के खिलाड़ियों का जलवा

## फर्स्ट बैंडी आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देहरादून में आयोजित 'फर्स्ट बैंडी आइस स्केटिंग चैंपियनशिप' में गाजियाबाद जिले के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिले के बच्चों ने न केवल उत्साह के साथ प्रतिभाग किया, बल्कि शानदार प्रदर्शन कर गाजियाबाद का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया।

अंडर-19 वर्ग में विदांशु और अद्विक ने मारी बाजी प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण रहे अंडर-19 वर्ग में गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने असाधारण खेल दिखाया। टीम के कप्तान विदांशु राजपूत और उनके साथी खिलाड़ी अद्विक ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) हासिल किया। विदांशु राजपूत के नेतृत्व में टीम ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा।

जिला सचिव ने बढ़ाया उत्साह

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक जीत पर गाजियाबाद जिला सचिव रवी कुमार वर्मा ने खुशी जाहिर की। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनकी मेहनत और उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों ने अपनी लगन से जिले को गौरवान्वित किया है। श्री वर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस जीत से गाजियाबाद के खेल जगत में हर्ष का माहौल है और अन्य उभरते खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

### ग्रेटर नोएडा में जलापूर्ति पर कड़ी नजर, सीवर-ड्रेन की रैंडम जांच शुरू



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में सीवर व ड्रेन की रैंडम जांच शुरू हो गई है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने एहतियात के तौर पर अलग-अलग जगहों से पानी की रेंडम जांच कराने का निर्णय लिया है। सीईओ के निर्देश पर वर्क सर्किल वाइज 8 टीमें बनाकर जांच शुरू करा दी है। लगातार चार दिन तक यह अभियान चलेगा। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण ने श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की भी 2 टीमें तैनात की हैं। लैब की तरफ से भी रैंडम जांच शुरू है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में दूषित जलापूर्ति की सप्लाई की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जलापूर्ति लाइनों में किसी भी प्रकार के लीकेज, सीवर चोकिंग /ओवरफ्लो तथा ड्रेन-सीवर-पानी कनेक्शन प्वाइंट्स की गहन एवं रैंडम जांच करने के निर्देश दिए हैं।